* वर्ष 40 * अंक 82 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 21 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक








# जयपुर में हाइवे पर गैस टैंकर से टकराया ट्रक, 5 नोजल टूटे, 18 टन गैस लीक, 200 मीटर का इलाका आग का गोला बना

## 12 जिंदा जले

## 40 गाड़ियां स्वाहा पाइप फैक्ट्री भी राख

## 200 फीट ऊंची लपटे उठीं, उड़ते पक्षी जलकर नीचे गिरे

## उदयपुर से निकली ट्रेवल्स बस भी जली, 32 जने सवार थे, कई गंभीर रूप से जले, कुछ लापता

## प्रत्यक्षदर्शी बोले- बचने का मौका ही नहीं मिला, लोग गाड़ियों में ही जिंदा जल गए, जो बाहर निकलने में कामयाब रहे वो गंभीर जली हालत में हाइवे पर दौड़ते नजर आए

**जयपुर (पुकार)।** शुक्रवार सुबह जयपुर के भाकरोटा में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां हाइवे पर एलपीजी गैस से भरे टैंकर में ब्लास्ट होने से 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 32 लोग झुलस गए, जिनमें कई गंभीर हैं। जानकारी के मुताबिक भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5.44 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने टैंकर ने यू-टर्न लिया। इसी समय जयपुर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर से टैंकर के 5 नोजल टूट गए और 18 टन गैस लीक हो गई। लीक हुई गैस में आग लगी और इतना जोरदार धमाका हुआ कि 200 मीटर का इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। धमाके की आवाज डेढ़ किलोमीटर तक सुनाई दी।



### लोग बचने के लिए भागे, लेकिन आग में घिर गए

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगते ही लोग गाड़ियों से उतरकर इधर-उधर भागे। कई लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और वे जिंदा जल गए। जो लोग किसी तरह बाहर निकल पाए, वे जलते हुए कपड़ों के साथ सड़क पर इधर-उधर भागने लगे।

### आग की चपेट में आकर स्लीपर बस समेत 40 गाड़ियां खाक

आग इतनी तेजी से फैली कि 40 से ज्यादा गाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। टैंकर के ठीक पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। एक्सीडेंट की वजह से बस का दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिली। बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। इस बस में सवार 19 से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आग बुझने के बाद कई शवों को पोटली में डालकर अस्पताल ले जाया गया।

### स्थानीय लोग पहुंचे, गाड़ियों में फंसे लोगों को निकालने में मदद की

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों की सुध ली। इसके बाद फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और पुलिस भी पहुंच गई। इन्होंने लोगों को संभाला और उन्हें घटना स्थल से 15 किलोमीटर दूर सवाई मान सिंह अस्पताल पहुंचाया।

### दोपहर तक आग बुझाई गई, एहतियातन बिजली बंद

एक्सीडेंट के बाद हाईवे पर जली हुई गाड़ियां खड़ी हुई थीं। इस वजह से हाईवे पर आवाजाही बंद हो गई। धमाके के बाद इलाके में गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई।

दोपहर तक दमकलें जली हुई गाड़ियों और आसपास के इलाकों में लगी आग बुझाती रहीं। वहीं एहतियातन दिनभर पूरे इलाके में बिजली सप्लाई भी बंद रखी गई।

### मुख्यमंत्री घटनास्थल पहुंचे, पीड़ितों को 5-5 लाख रुपए की मदद

घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा घायलों से मिलने सवाई मान सिंह अस्पताल पहुंचे और इसके बाद घटनास्थल का जायजा भी लिया। उन्होंने पूरे हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख और राज्य सरकार ने 5-5 लाख रुपए देने का ऐलान किया है



## आग की चपेट में आई उदयपुर की बस का परमिट रिन्यूअल नहीं था, आरटीओ ने जांच की शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** जयपुर टैंकर ब्लास्ट में शुक्रवार सुबह 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गई। इन गाड़ियों में उदयपुर की एक ट्रैवल बस भी थी। हादसे का पता लगते ही उदयपुर परिवहन विभाग अलर्ट हो गया और बस के मालिक के साथ बात कर यात्रियों की लिस्ट तैयार कर उनसे सम्पर्क किया। इस बीच सामने आया कि बस का फिटनेस और टैक्स पूरा था लेकिन परमिट नहीं था।

मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने जिला परिवहन अधिकारी अनिल सोनी के साथ मिलकर बस में सवार यात्रियों की लिस्ट तैयार कराई। इसके लिए सबसे पहले उदयापोल स्थित लेकसिटी ट्रैवल बस के संचालक अब्दुल सलाम खान से संपर्क कर उदयापोल स्थित शॉप से उस बस में सवार यात्रियों की लिस्ट निकलवाई। इसके साथ ही उनके नाम और नंबर पर एक-एक कर सम्पर्क किया, जिसमें से 24 जनों से बातचीत हो गई जो स्वस्थ है। हालांकि कूदने से चोट आई है। बस चालक उदयपुर के खांजीपीर निवासी शाहिद घायल हो गया, जिसकी मौत होने की सूचना है। खलासी चित्तौड़गढ़ निवासी कालू से सम्पर्क नहीं हो पाया है। पारीक ने बताया- कुछ यात्रियों से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### चालक की मौत, कई झुलसे

आग की चपेट में आने से बस चालक उदयपुर निवासी शाहिद पुत्र अब्दुल रहमान की मौत हो गई



जबकि उदयपुर निवासी लीला पत्नी लक्ष्मण मीणा, फैजान पुत्र सलीम, भुवाणा बड़गांव निवासी लक्ष्मण पुत्र डालचंद, सराड़ा सलूम्बर निवासी नरेश पुत्र रूपा मीणा, उदयपुर निवासी निर्मला-प्रहलाद कुमार, नेवातलाई जावरमाइंस निवासी सोमराज पुत्र बंशीलाल मीणा झुलसने से भर्ती है। जगदीश पुत्र शंकरलाल रेगर निवासी मोही राजसमंद लापता है।

### बस के परमिट को लेकर जांच कर रहे

पारीक ने बताया- मामले में प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इस बस का टैक्स जमा है। बस का फिटनेस और बीमा भी पूरा है लेकिन बस का परमिट रिन्यूएबल नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में जो भी कार्रवाई होगी नियमानुसार करेंगे लेकिन इस वक्त सभी यात्रियों की स्थिति साफ हो जाए और उनके परिजनों से भी बात हो जाए इस पर हम लगे है।

## पेपरलेस होगा विधानसभा का नया सत्र, जनवरी में होगा शुरू

### हर विधायक की सीट पर लगा टैबलेट, सदन का रंग भी होगा गुलाबी



**जयपुर (पुकार)।** विधानसभा का नया सत्र पूरी तरह से पेपरलेस होगा। इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में हर सीट पर टैबलेट लगवाया है। जिससे जनवरी के तीसरे सप्ताह से शुरू होने वाला विधानसभा सत्र पूरी तरह से डिजिटली चलेगा। आज अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर अध्यक्ष देवनानी ने यह जानकारी दी। देवनानी ने कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में कई नवाचार किए है। उनमें यह भी शामिल हैं। उन्होने कहा कि ई-विधान की पहल से विधानसभा को पेपरलेस किए जाने का प्रयास किया गया है। आने वाला सत्र डिजिटल पद्धति से संचालति होगा। वहीं विधानसभा सचिवालय की अधिकांश कार्यप्रणाली भी पेपरलेस हो जाएगी। नए सत्र से विधानसभा सदन का रंग भी बदला हुआ मिलेगा। वासुदेव देवनानी ने बताया कि गुलाबी नगरी के इस ऐतिहासिक विधानसभा का सदन भी नए कलेवर में गुलाबी दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि हमने सदन के कारपेट और सीट्स के कवर को हरे से गुलाबी रंग में बदल दिया है। जिससे नए सत्र में सदन भी नए रंग में दिखाई देगा।

## भोपाल के जंगल में कार में 52 किलो सोना मिला, 11 करोड़ कैश बरामद

### आईटी टीम रात 2 बजे पहुंची; 2 दिन में 51 ठिकानों पर छापे

**भोपाल (एजेंसी)।** आयकर विभाग को भोपाल के मेंडोरी के जंगल में गुरुवार देर रात एक कार से 52 किलो सोना मिला। इसके अलावा, 11 करोड़ रुपए कैश भी बरामद हुए हैं। कार एक मकान के बाहर लावारिस हालत मिली। सोने की कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये सोना और कैश किसका है। आयकर विभाग को यह बड़ी कामयाबी मध्यप्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर रेड के बीच मिली है। आयकर विभाग ने दो दिन में भोपाल और इंदौर में 51 ठिकानों पर छापेमारी की है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि सोना और कैश का कनेक्शन बिल्डर्स और आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां चल रही कार्रवाई से तो नहीं है। जिस कार से सोना और कैश मिला है वह चेतन गौर नाम के व्यक्ति की बताई जा रही है।





**आयकर के साथ पुलिस को भी मिली थी खुफिया जानकारी :** आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक खुफिया जानकारी मिली थी कि जंगल में एक कार में कैश है, जिसे कहीं ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम गुरुवार की रात करीब दो बजे मेंडोरी पहुंची। जंगल में इनोवा कार के पास पहले से करीब 100 पुलिसकर्मी और 30 गाड़ियां थीं। संभवतः पुलिस को भी इसके बारे में सूचना मिली होगी। आयकर की टीम ने कार की सर्चिंग की तो नकदी के साथ सोना भी मिला। इनोवा कार पूरी तरह से लॉक थी। ऐसे में आयकर अफसरों की टीम ने साथ पहुंचे गनमैन की गन के बट से कार का शीशा तोड़ना पड़ा। बैग बाहर निकालकर खोला तो गोल्ड और कैश देखकर सभी हैरान रह गए। फिर इनकी गिनती कर कब्जे में लिया गया।

आयकर विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि कार चेतन गौर की है। चेतन लोकायुक्त पुलिस के छापे की जद में आए सौरभ शर्मा का दोस्त है।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

### हरियाणा सरकार ने 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बेटे अजय, अभय चौटाला और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ भी जुटी। पूर्व सीएम का पार्थिव शरीर सिरसा स्थित तेजा खेड़ा गांव में उनके फार्म हाउस लाया जा रहा है। यहां कल सुबह 8 से 2 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 3 बजे फार्म में ही उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। फार्म हाउस पर तैयारियां चल रही हैं। अंतिम संस्कार के लिए स्टेज बनाया जा रहा है। उधर, ओपी चौटाला के निधन पर हरियाणा सरकार ने 21 से 23 दिसंबर तक 3 दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया है। चौटाला हार्ट और डायबिटीज समेत कई बीमारियों से ग्रस्त थे। उनका पहले से ही गुरुग्राम के मेदांता और आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा था।



पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल समेत बड़े नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

## क्राइम ब्रांच करेगी संसद में हुई भाजपा-कांग्रेस की लड़ाई की जांच, राहुल गांधी के खिलाफ है एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद परिसर में गुरुवार को सत्ता पक्षा और विपक्षी सांसदों के बीच हुई झड़प के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। इन शिकायतों की जांच अब दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच को सौंपने की तैयारी चल रही है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। बता दें कि यह घटना गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान के बाद हुई। झड़प में दो भाजपा के दो सांसद गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस घटना के बाद भाजपा ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर हमले, उकसाने और हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराने के बाद



मीडिया से कहा, हमने राहुल गांधी के खिलाफ हमले और उकसाने के लिए दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हमने विस्तार से घटना का विवरण दिया है। यह घटना मकर द्वार के बाहर हुई, जहां एनडीए सांसद शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। हमने धारा 109, 115, 117, 125, 131 और 351 के तहत शिकायत दी है।

भाजपा की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 117 (गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना), 131 (अपराधिक बल का उपयोग), 351 (अपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य उद्देश्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कांग्रेस ने भी संसद परिसर में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, कल जिस तरह से एक दलित नेता का अपमान किया गया और आज उन्हें धक्का दिया गया, यह सब एक साजिश है। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी की बहन और वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि उनकी एफआईआर झूठी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस वही करेगी जो गृह मंत्री उनसे कहेंगे। उन्होंने कहा, सभी ने डॉ. आंबेडकर से माफी की मांग की थी, लेकिन इस घटना को भटकाने के लिए यह सब योजना बनाई गई। यह एफआईआर राहुल गांधी के खिलाफ नहीं है, यह डॉ. आंबेडकर के खिलाफ है।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क बीएमडी जांच शिविर में 70 से अधिक रोगी लाभान्वित



**उदयपुर (पुकार)।** राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार व झंडू फार्मा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क बीएमडी (हड्डी घनत्व) जांच शिविर में शुक्रवार को 70 से अधिक रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में उपस्थित रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ आवश्यक औषधियों का भी वितरण किया गया। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी एवं प्रभारी वैद्य शोभालाल औदीच्य ने बताया कि रोगियों को हड्डियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर सलाह दी गई। डॉ. औदिच्य ने आमजन को शरीर में कैल्शियम की पूर्ति के लिए फल और सब्जियां: पपीता, केला, सेब, संतरा, अंगूर, पालक, मेथी, और गोभी जैसे फलों और सब्जियों, दुग्ध उत्पाद में गाय का दूध, भैंस का दूध, पनीर, स्किम्ड दूध पाउडर और होल मिल्क पाउडर, सूखे मेवे बादाम, काजू और पिस्ता जैसे सूखे मेवे, दाल और अनाज: रागी, बाजरा, चावल, गेहूं का आटा, सोयाबीन, और उड़द की दाल आदि का उपयोग करने की सलाह दी। यह आहार स्रोत कैल्शियम की मात्रा बढ़ाने और हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। शिविर का उद्देश्य हड्डी से संबंधित समस्याओं जैसे गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस और विटामिन-डी की कमी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोगियों को सही उपचार प्रदान करना है।

### हिरेन का राजस्थान सॉफ्टबॉल टीम में चयन



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के विनय क्लब के हिरेन खाण्डिया का राजस्थान सॉफ्टबॉल टीम में चयन किया गया है। विनय क्लब के सचिव उदयपुर जिला सॉफ्टबॉल संघ के उपाध्यक्ष यशवंत पालीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए जम्मू कश्मीर जाने वाली राजस्थान सब जूनियर टीम में उदयपुर के हिरेन खाण्डिया को चयनित किया गया है। राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के सचिव करण सिंह चुंडावत ने बताया कि टीम चयन के लिए प्रत्येक जिले से चयनित खिलाड़ियों की श्री गंगानगर में चयन ट्रायल ली गई। चयनित खिलाड़ियों का नागौर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया और वहीं से जम्मू कश्मीर के लिए टीम रवाना हुई।

### मेवाड़ जनशक्ति दल ने किए स्वेटर वितरण



**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ जन शक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मेवाड़ जनशक्ति दल के संभाग उपाध्यक्ष मोतीलाल शर्मा ने बताया कि पिलादर पंचायत की कालबेलिया बस्ती में भामाशाह के सहयोग से धर्मेंद्र चौबीसा व ग्रामवासियों ने लंबा वाली स्कूल में बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। जिसमें निम्न पंचायत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे वार्ड पंच कमल मीणा शंकर मीणा दलजी मीणा लक्ष्मण मीणा मांगीलाल मीणा स्थानीय स्कूल की अध्यापिकाएं, मोतीलाल शर्मा, मांगीलाल जैन पिलादर की उपस्थिति में स्वेटर वितरित किए गए। यह जानकारी संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी ने दी।

### आयुर्वेद महाविद्यालय में 'विश्व ध्यान दिवस' की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन




**उदयपुर (पुकार)।** मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर के वागभट्ट सभागार में शुक्रवार को विश्व ध्यान दिवस की पूर्व संध्या पर मेडिटेशन पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा भगवान धन्वन्तरी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया एवं मुख्य अतिथि का शॉल , उपरणा , मेवाडी पगडी एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ विष्णु कुमार मित्तल ने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य वक्ता इस्कॉन मन्दिर उदयपुर के सचिव सन्त श्री हरिकृपा दास जी ने वर्तमान समय में मेडिटेशन का महत्व बताते हुए जीवन का प्रमुख उद्देश्य सुखी रहने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शारीरिक , मातासिक, बौद्धिक एवं अध्यात्मिक रूप से सुखी रहने के लिए अपने शरीर के साथ मन एवं आत्मा को प्रसन्न रखने के उपायों के बारे में बताया । कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो महेश दीक्षित जी ने कहा कि आयुर्वेद और ध्यान का गहरा सम्बन्ध है। यदि हम मानसिक रोगों से बचना चाहते है तो ध्यान का नित्य अभ्यास करना होगा। कार्यकम के अन्त में प्राचार्य ने वीएनवाईएस की प्रथम एवं द्वितीय बर्ष की परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यकम का संचालन डॉ किशोरी लाल शर्मा द्वारा किया गया।

### एक दिवसीय परिसंवाद 'माटी री सौरम' का आयोजन आज

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के राजस्थानी भाषा विभाग और साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्था युगधारा के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसंबर को तीन सत्रों में एक दिवसीय परिसंवाद 'माटी री सौरम' का आयोजन रखा गया है जिसमें युगधारा के संस्थापक, वरिष्ठ साहित्यकार एवं आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी के पद से सेवानिवृत जयप्रकाश पंड्या 'ज्योतिपुंज'के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विभिन्न विद्वान वक्ताओं द्वारा विचार एवं विश्लेषण की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन गोविंद गुरु की 165 वीं जन्मजयंती पर किया जा रहा है। युगधारा की अध्यक्ष किरण बाला किरन ने बताया कि उद्घाटन सत्र में प्रोफेसर (डॉ) हेमंत द्विवेदी मुख्य अतिथि, एवं प्रोफेसर (डॉ.) सुनिता मिश्रा अध्यक्ष होंगी। वागड़ी के प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार उपेन्द्र अणु डॉ. ज्योतिपुंज के जीवन परिचय और यादगार प्रसंगों को उजागर करेंगे। अतिथियों का स्वागत डॉ. सुरेश सालवी, विभागाध्यक्ष राजस्थानी भाषा करेंगे। इस सत्र का संचालन लोकेश राठौड़ द्वारा किया जाएगा। दूसरा सत्र साहित्यिक संवाद से संबंधित होगा जिसमें डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित डॉ ज्योतिपुंज रचित काव्य गोविंद गुरु नूं चोपड़ो ~ एक दृष्टि पर विचार व्यक्त करेंगे। सत्र की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कहानीकार डॉ.माधव नागदा ज्योतिपुंज रचित पद्य साहित्य पर तथा वरिष्ठ समीक्षक डॉ कुंदन माली ज्योतिपुंज रचित हिंदी और राजस्थानी गद्य साहित्य का विश्लेषण करेंगे। इस सत्र में विशिष्ट अतिथि डूंगरपुर के साहित्यकार डॉ.दिनेश पंचाल होंगे जो ज्योतिपुंज रचित राजस्थानी काव्य पर प्रकाश डालेंगे।संचालन युगधारा के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन 'मंथन' द्वारा होगा। तृतीय समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ मदन राठौड़ व अध्यक्ष पद से डॉ देव कोठारी संबोधित करेंगे। इस सत्र के विशिष्ट अतिथि शिवदान सिंह जोलावास एवं युगधारा के उपाध्यक्ष प्रकाश तातेड़ उनके व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। सत्र के अंत में आभार अभिव्यक्ति डॉ निर्मल गर्ग द्वारा होगी।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## हाईवे से सटी शराब दुकानों सहित अन्य निर्माणों का सर्वे कराने के निर्देश



**उदयपुर (पुकार)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन एवं एडीएम सिटी वारसिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। सर्वप्रथम सदस्य सचिव एवं एसई पीडब्ल्यूडी राजीव अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए गत बैठक कार्यवाही विवरण पर चर्चा की। एडीएम सिटी ने शहर सहित जिले भर में यातायात व्यवस्था को सुचारू करनने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने शहर में पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्रयास किए जाने के भी निर्देश दिए, ताकि आमजन और पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठानी पड़े।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने हाईवे से सट कर शराब की दुकान स्थापित होने से यातायात में व्यवधान की बात कही। साथ ही कई स्थलों पर हाईवे से लगती जमीनों पर छोटे-छोटे केबिन, ढाबे आदि स्थापित किए जाने तथा सर्विस लाइन की फेसिंग तोड़ रास्ता बना दिए जाने से हादसों की आशंका जताई। इस पर एडीएम सिटी ने हाईवे की सेंटर लाइन से सटे निर्माणों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रशासन, पुलिस और आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही फेंसिंग तोड़ने के मामले में पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

बैठक में ट्रेफिक लाइट स्थापना व सुधार कार्य पर चर्चा की गई। गत बैठक में देहली गेट चौराहे पर सेंसर एवं हाई रिज्यूलेशन वाले कैमरे लगाने के निर्णय के संबंध में नगर निगम से प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्णय की जल्द पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शहर में मांग के अनुसार ट्रेफिक लाइट व्यवस्था को लेकर उदयपुर विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता राजीव गुप्ता ने अवगत कराया कि अंबेरी और प्रतापनगर चौराहे पर ट्रेफिक लाइट के लिए टेण्डर प्रक्रिया चल रही है। वॉल सिटी के लिए नगर निगम की ओर से प्रस्तावित ग्रीन मोबिलिटी जोन प्रोग्राम की प्रगति पर चर्चा के दौरान नगर निगम अधिशासी अभियंता अखिल कुमार गोयल ने टेक्नीकल फिजिबिलिटी रिपोर्ट बोर्ड बैठक में रखना शेष होना बताया। इस पर एडीएम सिटी ने अब बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने से रिपोर्ट जिला कलक्टर महोदय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही परिवहन विभाग को होटल एसोसिएशन तथा प्रशासन की संयुक्त बैठक कराने के भी निर्देश दिए। रात्रि पर्यटन को बढावा देने के लिए बस स्टैण्ड परिसर में फूड कोर्ट विकसित किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में आरएसआरडीसी और रोडवेज के अधिकारियों से जानकारी ली। रोडवेज के उच्च प्रबंधन से चर्चा कराने के भी निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डीजीएम नवनीतकुमार, प्रोजेक्ट हैड सूर्यप्रतापसिंह, रेजीडेंट इंजीनियर सत्यनारायण तिवारी, भैरूलाल डांगी, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के मुख्य प्रबंधक हेमन्त शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी द्वितीय अतुल कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन, रेलवे के कनिष्ठ अभियंता अंकित उपाध्याय, आरएसआरडीसी के पीओ युनिक कंसारा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मुकेश बलाई, निशा व्यास, कनिष्ठ अभियंता अंबर फातिमा आदि उपस्थित रहे।




### पोस्टर 'शुद्ध जल' का किया विमोचन

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में हिंदुस्तान स्काउट गाइड के पदाधिकारीयो की एक दिवसीय संभाग स्तरीय 'जल बचाओ- पर्यावरण बचाओ' बचाओ कार्यशाला का आयोजन फतहपुरा स्थित हिंदुस्तान स्काउट के संभाग मुख्यालय में किया गया। संभाग आयुक्त (जनसंपर्क) गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक में उदयपुर संभाग के समस्त जिला ऑर्गेनाइजर एवं जिला सचिव ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप मेघवाल सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग ने की। बैठक में मुख्य अतिथि हिंदुस्तान स्काउट के जिलाध्यक्ष गिरीश भारती थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट प्रार्थना से करते हुए संभाग सचिव मदन लाल वर्मा ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया तत्पश्चात परिचय हुआ।

जिला सचिव बांसवाड़ा यशवंत जोशी ने शुद्ध जल एवं पर्यावरण बचाओ अभियान की तर्ज पर अपने विचार व्यक्त किया और बांसवाड़ा जिले की मुहिम को पूरे प्रदेश में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के साथ मिशन को जोड़ने की अपील की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग प्रदीप मेघवाल में अपने विचार में बताया कि शुद्ध जल प्रत्येक प्राणी का अधिकार है। इसके लिए हमें जल के महत्व को समझना होगा और पर्यावरण को बचाना होगा तभी हम हमारे आने वाली पीढ़ी को बचा पाएंगे। सभी अतिथियों और कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों ने शुद्ध जल और पर्यावरण बचाओ अभियान के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संभाग संयुक्त सचिव मनोज कुमार शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मुकेश कुमार, जिला सचिव बांसवाड़ा यशवंत जोशी ,जिला सचिव चित्तौड़गढ़ गणेश नारायण माली ,जिला कोषाध्यक्ष उदयपुर देवेंद्र कुमार ओदीच्य ,संयुक्त जिला सचिव राजसमंद अंकित कुमार वर्मा, डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर उदयपुर शांता वैष्णव, रमेश कुमार बुनकर,उदयपुर जिला संयुक्त मंत्री ईश्वरी रैगर , जिला प्रभारी नरपत सिंह राव उदयपुर, नरेंद्र कुमार हंस, ब्लॉक सचिव मावली अजय कुमार सहारण, ट्रेनिंग काउंसलर शिवम मेहरा,सीनियर रेंजर दीपाली सोलंकी आदि मौजूद रहे। जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# राहुल गांधी के खिलाफ भाजयुमो का विरोध-प्रदर्शन




**उदयपुर (पुकार)।** कांग्रेस द्वारा गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़ मरोड़कर पेशकर झूंठ पर आधारित समाज में वैमनस्य फैलाने वर्ग विशेष को भड़काकर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के प्रति अनादर और राहुल गांधी के संसद में भाजपा के सांसदों के साथ निंदनीय व्यवहार किया गया जिससे कुछ भाजपा सांसद घायल हुए इसके खिलाफ शुक्रवार को भाजयुमो उदयपुर देहात ने देहलीगेट पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दलों की नीतियों की आलोचना की। इस प्रदर्शन में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान, शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शक्तावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया, ज़िलमहामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, दीपक शर्मा,आकाश वागरेचा, भाजयुमो जिलामहामंत्री जितेंद्र सिंह शक्तावत, रणजीत दिग्पाल, उपाध्यक्ष अनिल जारौली, मुकुल मेहता, महेन्द्र सिंह जगत आदि अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भाजपा ने की कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन की कड़ी निंदा :** भारतीय जनता पार्टी उदयपुर ने विगत दो दिनों से संसद में गृहमंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान को लेकर जिस प्रकार से फैक नेरेटिव और झूठ को सच बनाने के लिए जीस प्रकार से संसद के भीतर ,बाहर और देश भर में सड़कों पर जिस प्रकार से बेहूदा प्रदर्शन किया और झूठ को सच का कपड़ा पहनाकर सभी ने जिस प्रकार से एकजुट होकर देश में टकराव,बिखराव,जातिगत वैमनस्य पैदा करने का दुष्कृत्य किया उसके लिए भारतीय जनता पार्टी उदयपुर ने इसकी कड़ी आलोचना की है। इसके उपरांत जिस प्रकार से संसद परिसर में राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दलों के नेताओं ने धक्का मुक्की कर भाजपा के सांसदों को घायल किया और महिला सांसद के साथ भी धक्का मुक्की की जिसे स्वयं ने स्वीकार भी किया है कि भी आलोचना की है।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली,देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्तसिंह चौहान,शहर देहात प्रभारी बंशीलाल खटीक,आई एम सेठिया,शहर विधायक ताराचंद जैन,ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा,सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि इंडी गठबंधन के इस राष्ट्र विरोधी नाटक को मीडिया ने देश और दुनिया को संसद की तमाम घटनाओं को त्वरित गति से प्रसारित कर सच्चाई को सामने लाकर देश को गृह युद्ध जैसे हालात में झोंकने के कांग्रेस नित इंडी गठबंधन को न केवल बेनकाब किया अपितु इनका दुष्चरित्र एवं राष्ट्र की संप्रभुता से खिलवाड़ करने और जैसा इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में आग लगा देंगे जनता के सम्मुख उजागर किया है।

# भाजपा जितना राहुल गांधी को टारगेट करेगी, उतना ही मजबूत होंगे : कचरू लाल चौधरी

### देहात जिला कांग्रेस एवं शहर जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर देहात एवं उदयपुर शहर जिला कांग्रेस द्वारा आज जिलाधीश कार्यालय के बाहर नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवाने और देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने पर विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान करने के बाद भाजपा उस घृणित घटना पर शर्मिंदा होने की जगह कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश से रोक रही है और उनके साथ धक्का मुक्की करने का प्रयास कर रही है। साथ ही नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करवा रही है इन्हीं घटनाओं के विरोध में देश के गृहमंत्री अमित शाह का जिलाधीश कार्यालय के बाहर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।



विरोध प्रदर्शन के बाद उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि गांधी परिवार का अहिंसा में इतना विश्वास है कि गांधी परिवार ने राजीव गांधी के हत्यारों के मृत्युदंड को भी माफ कर दिया था। और भाजपा वाले नेता विपक्ष राहुल गांधी पर इस तरह का बेतुका आरोप लगा रहे है। राहुल गांधी पर सुबह आरोप लगाए गए और शाम को एफआईआर दर्ज कर की गई जो यह दिखाता है कि उनके खिलाफ कितनी बड़ी साजिश के तहत ये सब किया गया।

उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि पूरा देश जानता है कि मोदी सरकार अडानी पर चर्चा करने से डरती है और बेवजह असल मुद्दों से देश का ध्यान भटका रही है।

विरोध प्रदर्शन में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गोपाल शर्मा, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री अरुण टांक, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री गजेंद्र कोठारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सोमेश्वर मीणा, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित, उदयपुर शहर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नजमा मेवाफरोश, पूर्व पार्षद मोहमद अय्यूब, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस महासचिव जय प्रकाश निमावत, डॉ कौशल नागदा, तीरथ सिंह खेरलिया, डॉ दीपक व्यास, प्रदेश कांग्रेस सदस्य डॉ दरियाव सिंह चुंडावत, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस महासचिव भूपेंद्र चौहान, निवर्तमान पार्षद शंकर चंदेल, हिदायतुल्ला, गौरव प्रताप सिंह, नेहा कुमावत, संजय मंदवानी, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस प्रवक्ता शिव शंकर मेनारिया, हरीश शर्मा, कमल चौधरी, अमित श्रीवास्तव, गोपाल सरपटा, महेंद्र डामोर, पन्ना लाल मेघवाल, लक्ष्मी लाल सोनी, श्याम सुंदर गुर्जर, सत्यनारण टांक, मयंक खेमसरा, शहजाद खान, महेश धन्नावत, राकेश खोखावत, बंसी लाल गवाड़िया, बबलू टांक, मोहसिन खान, शीला मीणा, नाजनीन, शांता प्रिंस, तरन्नुम खान, सेवादल अध्यक्ष शैलेंद्र ओदिच्य, देवेंद्र माली सहित कई पदाधिकारी एवम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर किया प्रदर्शन




**उदयपुर (पुकार)।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के लिए अपमानजनक बयान संसद में देने पर पद से मुक्त करने एवं एससी/एसटी एक्ट एवं महापुरूष के अपमान में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई।

भीम आर्मी जिला प्रवता अनिल पणोंर ने बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संसद में विशेष सत्र में संविधान की महत्ता को लेकर संसद में सांसदो द्वारा भाषण दिये जा रहे थे, इसी क्रम में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में अम्बेडकर साहब के बारे में बोला कि अब अम्बेडकर का नाम लेना एक फेशन हो गया है, अम्बेडकर, अम्बेडकर, अम्बेडकर,इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता, इस तरह का संविधान निर्माता जैसे महापुरुषों के बारे में आपतजनक टिपण्णी करना वह भी संविधानिक पद रहने वाले गृहमंत्री को शोभा नहीं देता है, इस लिए गृहमंत्री को सभी देश वासियों माफी मांगनी चाहिए। इसी मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर गृहमंत्री का पुतला जलाकर प्रर्दशन के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कुंदन खोकावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन मेघवाल, महामंत्री ओम प्रकाश मेघवाल, विधि सलाकार मदन मेघवाल, मुकेश सालवी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रोटरेक्ट क्लब द्वारा फूड डोनेशन ड्राइव आयोजित

**उदयपुर (पुकार)।** रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या द्वारा फूड डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उदयपुर के निकटवर्ती क्षेत्रों में निशुल्क अल्पाहार का वितरण किया गया। क्लब उपाध्यक्ष और प्रोजेक्ट चेयर प्रियल जोशी ने बताया कि मानव सेवा सर्वोपरि धर्म है। क्लब अध्यक्ष शमील शेख ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य गरीबों की सेवा के साथ-साथ समाज में सहयोग और समानता की भावना को बढ़ावा देना है।

रोटरेक्टर शैलेन्द्र कुमार, नेहा नायक, अंकित पंडा, कुशाल मेघवाल, चिराग त्रिवेदी, राहुल मीणा, जगदीश कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### सरकारी मुख्य सचेतक 22 को उदयपुर में

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विधानसभा के सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग रविवार 22 दिसंबर को सुबह 7.55 बजे वायुयान से उदयपुर पहुंचेंगे। वे यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और सर्किट हाउस में अल्प विश्राम पश्चात इसी दिन शाम 4 बजे जालौर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# विट्टी इंटरनेशनल स्कूल ने 16वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया

**नन्हे-मुन्हे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया**




**उदयपुर (पुकार)।** संगीत का मिलन है यहाँ सजीव, नृत्य की हँसी भरी है सदा। इसी भावना के साथ विट्टी इंटरनेशनल स्कूल उदयपुर ने अपना सोलहवाँ वार्षिकोत्सव बहुत ही धूमधाम, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी जनरल मैनेजर टाटा मोटर्स के तुषार महेन्दिरता, ताज अरावली रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर अमित सिंह, दिव्या सिंह ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की संस्थापिका प्रीति सोगानी, सीनियर प्रधानाचार्य बिजो कुरियन, सी. आई .ई प्रधानाचार्या दीपा चक्रवर्ती , सी.आई.ई .एच एम.अर्चना पुंडीर, प्रबंधक समन्वयक प्रिया शाह, विट्टी वर्ल्ड की सेंटर हेड मेगा पारिख आदि ने णमोकार मंत्र, सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियों पर छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में साल भर में विद्यालय में होने वाले शैक्षणिक और सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में विभिन्न स्तरों पर आगे आने वाले छात्रों व विद्यालय का आकर्षक प्रतिबिंब अभिभावकों के सामने विट्टी न्यूज़ के रूप में प्रस्तुत किया गया। अगली पीढ़ी के दूरदर्शी कल की विरासत का निर्माण थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक स्वागत गीत, कई आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ - टेक्नो कम्युनिकेशन, ड्रीमर जर्नी, टीम वर्क, फ्यूजन् डांस , वुमन एम्पोवेर्मेंट ,रेट्रो तु मेट्रो शामिल थी , जो अपने ऊर्जावान और पैर थिरकाने वाले मूव्स में रंगों और जीवंतता से भरी थी। सीनियर प्रिंसिपल बिजो कुरियन ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति वहाँ की शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता पर निर्भर करती है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट की महिला शाखा के चुनाव कल

**उदयपुर (पुकार)।** सर्व ओबीसी समाज महा पंचायत ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट कार्यालय शिव दर्शन माली कॉलोनी उदयपुर में हुई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक पी एस पटेल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समाज विकास के कई निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। संस्थापक दिनेश माली ने बताया कि रविवार को 11 बजे लेक सिटी गार्डन माली कॉलोनी में महिला शाखा के चुनाव करवाए जाएंगे। साथ ही नगर विकास प्रन्यास द्वारा ओबीसी समाजों को आवंटित भूमि को रिव्यू कमेटी में डाल दिया गया है ।जिसका 1 वर्ष होने के बाद भी कोई निर्णय नहीं आया है और समाजों को निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस संदर्भ में आवंटित भूमि के समाजों के अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक भी लेक सिटी गार्डन में 22 दिसंबर रविवार को रखी गई है। बैठक में संस्थापक दिनेश माली, संरक्षक पी एस पटेल, प्रवक्ता नरेश पूर्बिया, भेरुलाल भोई, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण सुहालका व धारावती सुहालका उपस्थित थीं।

**बी प्लस**

### एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर : अब भी शामिल

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज जी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफ ॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफ ाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। रु.699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफ ाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफ ाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। चीफ मार्केटिंग ऑफि सर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा - साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'सुशासन की ओर बढ़ते कदम' विषय पर हुई कार्यशाला

उदयपुर (पुकार)। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हमारे देश का है, इस विशाल लोकतंत्र को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ एवं सशक्त करने में सुशासन की अहम भूमिका है। यह संबोधन संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने संस्थान में आयोजित सुशासन की ओर बढ़ते कदम कार्यशाला मे दिये। डॉ. छंगाणी ने कहा कि शासन प्रणाली में नागरिक अधिकार पत्र, सूचना का अधिकार से नागरिक केन्द्रित प्रशासन को बढ़ावा देकर हम सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अपने लोकतंत्र को सुदृढ़ कर रहे है। योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित के साथ साथ आमजन को इस कार्यक्रम योजनाओं से पूर्ण रूप से संतुष्टि प्राप्त कराना भी हमारा दायित्व होना चाहिए। प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्थान के डॉ. पदमा मील ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जवाबदेही एवं उत्तरदायित्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है। डॉ. सुरेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन की आवश्यकता प्रत्येक स्तर पर हैं, ऐसा करने से ही हम निरन्तर विकास करने में सक्षम होंगे। पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

### उदयपुर डाइट की वार्षिक पत्रिका प्रकाशन के लिए रचनाएं आमंत्रित

उदयपुर (पुकार)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर की वार्षिक पत्रिका में शिक्षा जगत से जुड़े सभी शिक्षाविदों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विविध विषयों, विधाओं एवं शैक्षिक नवाचारों से संबंधित रचनाएं प्रकाशनार्थ आमंत्रित की गई है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि आईएफआईसी प्रभाग की प्रभागाध्यक्ष गायत्री जोशी व प्रभारी अमृता जोशी के संपादन मंडल में प्रकाशित होने वाली इस वार्षिक पत्रिका के लिए जो भी सृजनशील रचनाकार अपनी मौलिक रचनाएं कागज के एक तरफ हांसिया छोड़ कर टंकित या हाथ से लिखी रचनाएं डाइट उदयपुर के पते पर डाक या ईमेल पर 31 दिसंबर तक भिजवा सकते हैं।

### किसान सहकार सम्मेलन कल

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड उदयपुर का दर अंतर राशि वितरण कार्यक्रम एवं विशाल किसान सहकार सम्मेलन रविवार को गोवर्धन विलास स्थित सरस डेयरी परिसर में दोपहर 1.30 बजे आयोजित होगा। डेयरी चेयरमैन डालचंद डांगी ने बताया कि रविवार को डेयरी परिसर में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया होंगे। वहीं राजस्थान सरकार के पशुपालन,गोपालन,डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी एवं सहकारिता मंत्री गौतम दक होंगे।

### देर रात तक चली सांस्कृतिक संध्या

**उदयपुर (पुकार)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय आवासीय वनशाला शिविर 'ज्वाला' के तहत विद्यार्थियों की ओर से आयोजित सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ राजस्थान विद्यापीठ के मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. भूरालाल श्रीमाली ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। सांस्कृतिक समारोह में भारतीय सनातन मूल्यों की झलक देखने को मिली।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने तीन दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने भित्ती पत्रिका, जागरूकता रेली व नुक्कड़ नाटक से समाज में व्याप्त कुरूतियों को समाप्त करने प्रति जागरूक कर संकल्प पत्र भरवाया।

शिविर प्रभारी डॉ. रचना राठौड़ ने बताया कि देर रात तक चली सांस्कृतिक संध्यॉ में भारतीय संस्कृति की परम्परा से ओतप्रोत प्रस्तुतियॉ प्रभु श्रीराम की झांकी से लेकर हारे का सहारा - खाटु श्याम, श्रीकृष्ण एवं सुदामा, शिव - पार्वती विवाह, झांसी की रानी, एकलव्य , तानाजी की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका, देश भक्ति एवं ग्रूप डांस व क्लासिकल गान ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों का भाव विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त राजस्थानी, पंजाबी, बंगाली गानों पर नृत्य कर सभी को नांचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों में मोमबत्ती जला देश प्रेम, हर व्यक्ति की मदद करने एवं आपसी भाई चारे को बनाये रखने का संकल्प लिया।

### अग्रवाल समाज का स्नेह मिलन 12 जनवरी को

**उदयपुर (पुकार)।** हिरणमगरी अग्रवाल समाज का नवबर्ष स्नेह मिलन ,मेघावी छात्र सम्मान एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान आगामी 12 जनवरी को होगा, जिसका निर्णय कार्यकारिणी की राजेंद्र तायल के निवास पर हुई बैठक में लिया गया। समाज के अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल द्वारा बताया गया कि यह प्रोग्राम लश्करी अग्रवाल समाज भवन में होगा। इस अवसर पर सचिव उमेश अग्रवाल ,वरिष्ठ महिला सदस्य शशिपित्ति,मधु गर्ग,प्रदीप गर्ग,राजीव पित्ती व सभी की सहमति से विपिन अग्रवाल एवं हनुमानप्रसाद गुप्ता को संयोजक ,सांस्कृतिक मंत्री सुशीला नेवटिया एवं पुष्पलता तायल को मेघावी छात्र का संयोजक नियुक्त किया गया। परम संरक्षक एन के नेवटिया, रमेश जिंदल व महेश दत गर्ग एवं सुशीला गाड़ोदिया व कांता अग्रवाल द्वारा प्रोग्राम की रूपरेखा पर हर्ष व्यक्त करते हुए मनोरंजक से भरपूर होने वाले कार्यक्रम पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

### बी.एन. शिक्षा संकाय में खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सप्ताह का समापन

**उदयपुर (पुकार)।** शिक्षा संकाय भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में शैक्षणिक गतिविधियों के तहत खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन किया गया। शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशि चित्तौड़ ने बताया कि इस सप्ताह में विभिन्न खेलों यथा कुर्सी रेस, चम्मच रेस,100 मीटर रेस, भाला तथा गोला फेक, क्रिकेट, शतरंज तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे एकल नृत्य,समूह नृत्य, एकल गान, समूह गान, वाद विवाद तथा आशु भाषण का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विजित रहे प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। समस्त कार्यक्रम के दौरान संकाय सदस्य डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. खुशबू कुमावत, डॉ.नंदकिशोर शर्मा, डॉ अजय पाल सिंह चुंडावत तथा जयपाल झाला ने छात्रों को अनुशासित किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान प्रदान की गई जिम्मेदारियां का निर्वाह किया।

### निविदा नर्सेज को संविदा में समायोजित किया जाएं

**उदयपुर (पुकार)।** निविदा नर्सेज को संविदा में समायोजित किया जाएं और मानदेय 37800 रूपए प्रति माह किया जाएं। राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा एवं उदयपुर जिला अध्यक्ष प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व चिकित्सा मंत्री के नाम , निदेशक राकेश शर्मा व शासन सचिव गायत्री राठौड़ को ज्ञापन दिया। जयपुर में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से जो लगे नर्सेज को राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जो संविदा में भर्ती निकाली गई है,को प्राथमिकता दी जाए। नर्सिंग ऑफिसर को संविदा भर्ती में समायोजित किया जाए ।क्योंकि अल्प वेतन में नर्सिंग ऑफिसर निष्ठा पूर्वक अपनी सेवाएं आईसीयू एवं पीआईसीयु में दे रहे हैं। अल्प मानदेय में परिवार चलाना मुश्किल हैं। प्लेसमेंट एजेंसी के नर्सेज भी स्थाई नर्सिंग ऑफिसर के समान कार्य करते है। अतः संविदा नर्सेज में समायोजित किया जाएं। पूर्व में भी मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया था। जिसमें अपनी मांग रखी थी कि आगे जो भी भर्ती आती है। उसमें प्लेसमेंट एजेंसी के नर्सेज को संविदा में नर्सिंग ऑफिसर को समायोजित किया जाए ।संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य मुकेशडामोर ,दिव्यांशु ,अजय ,रोहित , लोकेश, प्रकाश निनामा आदि मौजूद रहे।

**सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर**

# हाथों-हाथ राहत पाकर खिले लोगों के चेहरे

## फलासिया ब्लॉक के शिविर में पहुंचे केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी

## मावली, फलासिया व सायरा में हुए शिविर

## शिविरों में परिवेदनाओं का हाथों हाथ निस्तारण







**उदयपुर (पुकार)।** आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर सुशासन की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांवों की ओर- 2024 के तहत शुक्रवार को जिले के मावली, सायरा और फलासिया पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन हुआ। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी भी फलासिया शिविर में पहुंचे तथा आमजन को लाभ वितरित किए। शिविरों में प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं सहित सीपीजीआरएएमएस पोर्टल, संपर्क पोर्टल प्राप्त प्रकरणों तथा राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया गया। शिविरों में हाथों-हाथ राहत राहत पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे तथा सरकार और प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**लखमा और नानुड़ी के जीवन में लौटी खुशियां :** पंचायत समिति फलासिया में आयोजित शिविर में दो बुजुर्गों की रूकी हुई पेंशन हाथों हाथ वापस शुरू किए जाने से उनके चेहरे खिल उठे। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने अपने हाथों से उसे उन्हें पेंशन आदेश वितरित किए। शिविर में सोम निवासी लखमा पिता दीत भील उपस्थित हुआ। लखमा ने केबिनेट मंत्री श्री खराडी के सामने परिवेदना प्रस्तुत की कि उसके पहले वृद्धावस्था पेन्शन स्वीकृत थी लेकिन अगस्त 2023 से किसी कारण से बन्द हो गई। मंत्री श्री खराड़ी ने शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी को निदान कराने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी विजयेश पण्ड्या के निर्देश पर विकास अधिकारी प्रतापसिंह मीणा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हाथों हाथ पुनः पेंशन प्रारंभ करने के लिए स्वीकृत पत्र जारी कराया। केबिनेट मंत्री खराड़ी ने लखमा को स्वीकृत पत्र सुपुर्द किया। इसी प्रकार पाटियां गांव की नानुडी बाई की भी 16 माह से बंद पेंशन हाथों हाथ पुनः प्रारंभ की गई। दोनों लाभार्थियों ने केंद्र व राज्य सरकार तथा प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान समाजसेवी भोपाल सिंह, शोभा देवी चम्पावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### आमजन को त्वरित राहत देना सरकार की प्राथमिकता : जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने फलासिया में आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं और परिवेदनाओं के निस्तारण की जानकारी ली। इस दौरान केबिनेट मंत्री श्री खराड़ी ने कहा कि आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का न्यायोचित और त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**खेल मैदान से 15 साल पुराना अतिक्रमण हटाया :** पंचायत समिति सायरा में उपखण्ड अधिकारी डॉ नरेश सोनी की अध्यक्षता में शिविर हुआ। टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में नांदेशमा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पवनरेखा ने विद्यालय के खेल मैदान की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के बारे में ग्राम वासियों की ओर से परिवेदना प्रस्तुत की। इसमें बताया कि विद्यालय स्तर पर उन्होंने पूर्व में कई बार नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा, लेकिन किसी ने भी अतिक्रमण नहीं हटाया है। इस पर शिविर प्रभारी डॉ नरेश सोनी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार सुरेश मेहता एवं विकास अधिकारी देवेंद्रकुमार को उक्त अतिक्रमण को हटवाने के लिए निर्देशित किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय की लगभग 7 बीघा जमीन पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया तथा विद्यालय की खेल मैदान की भूमि को चिन्हित कर उसका कब्जा विद्यालय प्रधानाध्यापिका को सौंपा। ग्रामवासियों एवं विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया। इसके अलावा शिविर में प्राप्त प्रार्थना-पत्रां पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 14 पेंशन सत्यापन, 12 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण राशि का भुगतान का मौके पर ही किया गया। 4 नवीन आवास स्वीकृत, 8 आवास निर्माण हेतु सहायता भुगतान, 1 राजस्व अभिलेख में नाम संशोधन, 520 नरेगा श्रम भुगतान सहित अन्य विविध प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

**तालाब में डूबने से मृतक के परिवारजन को मिला विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ :** सायरा में आयोजित शिविर में 20 दिनों पूर्व पुनावली के तालाब में डूबने से मृत खेमसिंह का परिवार भी उपस्थित हुआ। परिवारजन ने दुर्घटना बीमा योजना में किए गए आवेदन की पूर्ति हेतु दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त की जा रही थी। उपखंड अधिकारी डॉ सोनी ने परिवार को दुर्घटना बीमा योजना में आवेदन पूर्ति के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विकास अधिकारी देवेंद्र कंसल ने पंचायत समिति की निजी आय से आकस्मिक प्राकृतिक आपदा में एक मुश्त सहायता राशि के रूप में 15 हजार रूपए का भुगतान परिवार को स्वीकृत किया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रवीण पानेरी ने मृतक खेम सिंह की पत्नी नानी बाई का सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में आवेदन करवा कर हाथों-हाथ स्वीकृत भी करवाया। साथ ही मृतक खेमसिंह के दो पुत्रियों हर्षिता एवं भावना का पालनहार योजना में आवेदन तैयार करवा कर भुगतान स्वीकृति आदेश भी हाथों हाथ जारी करवाया गया। मृतक खेम सिंह के परिवार जनों द्वारा शिविर में एक साथ इतनी योजनाओं के लाभ मिलने पर विभागीय अधिकारियों का आभार जताया।

### मावली में अपीलार्थी को पुनः मिला अपना हक

राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवां की ओर 2024 के तहत मावली में उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र सिरवी की अध्यक्षता में कैम्प हुआ। यह कैम्प चुनिया पुत्र चेना मेघवाल के लिए सुकुन भरा रहा। चुनिया मेघवाल ने न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मावली में अपील अन्तर्गत धारा 75 भू-राजस्व अधिनियम 1956 के तहत 21 नवम्बर 2024 को पेश की थी। कैम्प में प्रार्थी पीठासीन अधिकारी, मावली के समक्ष उपस्थित होकर अपनी पीड़ा बताई कि प्रार्थी स्वयं जीवत होने के पश्चात् भी प्रार्थी की भूमि में चुनिया पुत्र भेरा के वारिसान का नामांतरकरण पारित कर दिया गया। उक्त नामांतकरण चुनिया पुत्र भेरा मेघवाल की मृत्यु के पश्चात् विरासत का नामांतरण पारित किया गया, जिसके साथ प्रार्थी की कृषि भूमि के संबंध में भी नामांतरण पारित कर दिया गया, जबकि प्रार्थी चुनिया पिता चेना जीवित था। इस संबंध में ग्राम पंचायत वारणी के सरपंच को बुलाया गया। सरपंच ने स्वीकार किया कि चुनिया पुत्र चेना और चुनिया पुत्र भेरा अलग-अलग व्यक्ति हैं। विरासत के आधार पर जो नामांतरण पारित किया गया उसमें त्रुटिवश चुनिया पुत्र चेना की भूमि का भी विरासत से नामांतरण पारित कर दिया गया, जिसे खारिज किया जाता है तो ग्राम पंचायत को भी कोई आपत्ति नहीं है। चुनिया पुत्र भेरा के वारिस द्वारा भी यह स्वीकार किया गया कि भूमि उनकी नहीं होकर चुनिया पुत्र चेना की भूमि है। अतः पक्षकारों को सुनकर तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत द्वारा पारित नामांतरण को खारिज करने के आदेश दिये एवं तहसीलदार मावली को निर्देशित किया कि फौत खातेदारों की वारिसानों की जांच कर पुनः नये सिरे से नामांतरण पारित करें।

इसी प्रकार शिविर में गाडरियावास निवासी गर्भवती महिला श्रीमती राजु पति नारायण लाल गाडरी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत द्वितीय किश्त के लिए आवेदन किया। इस पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मावली द्वारा हाथों हाथ रजिस्ट्रेशन कर भुगतान अप्रुव किया गया। द्वितीय किश्त जल्द उसके पंजीकृत बैंक खाते में हस्तान्तरित हो जाएगी। युडीए ओएसडी जितेन्द्र ओझा ने शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों को लाभ वितरित किए। तहसीलदार भंवरलाल सहित उप तहसीलदार मावली/सनवाड़ सति ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर के तहत 21 दिसम्बर को कोटड़ा, बड़गांव व भीण्डर में शिविर आयोजित होंगे। इसके अलावा 23 दिसम्बर को झाड़ोल, खेरवाड़ा व गिर्वा तथा 24 दिसम्बर को नयागांव, वल्लभनगर व कुराबड़ में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला 23 दिसम्बर को होगी।

# हिन्दुस्तान ज़िंक वर्ष 2024 के लिए भारत की शीर्ष 50 ग्रेट मैनेजर कंपनियों में

### कंपनी के तीन मैनेजर को शीर्ष 100 ग्रेट मैनेजर्स में स्थान



**उदयपुर (पुकार)।** भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड को 2024 के लिए भारत में ग्रेट मैनेजर की शीर्ष 50 कंपनियों में स्थान मिला है। पीपल बिजनेस कंसल्टिंग द्वारा प्रदान की गई यह मान्यता, समान अवसर प्रदान करने वाले नियोक्ता के रूप में हिंदुस्तान जिंक की स्थिति को और मजबूत करती है, जो उच्च प्रदर्शन वाले संस्थान के निर्माण के लिए कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कंपनियों के लिए ग्रेट मैनेजर्स पुरस्कार सबसे प्रशंसित पुरस्कारों में से एक है जो संगठनों को उद्योग में बेंचमार्क करने में सक्षम बनाता है। भारत के शीर्ष 50 में शामिल होने के अलावा, हिन्दुस्तान ज़िंक के तीन मैनेजर को 2024 के लिए भारत के शीर्ष 100 ग्रेट मैनेजर में नामित किया गया है। पुरस्कार की प्रक्रिया में सावधानीपूर्वक मूल्यांकन शामिल था जिसमें व्यापक टीम फीडबैक और उद्योग विशेषज्ञों से युक्त एक प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा आयोजित साक्षात्कार शामिल थे। यह मान्यता ऐसे संगठन को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो अपने कर्मचारियों को श्रेष्ठ तरीके से सीखने और तेजी से विकास के अवसर प्रदान करने के लिए वातावरण प्रदान करता है। यह उन्हें कार्यस्थल पर प्रोफेशनल कैरियर और बेहतर संतुलित जीवन भी प्रदान करता है।

हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, हम भारत में ग्रेट मैनेजर्स की शीर्ष 50 कंपनियों में शामिल होने पर गौरवान्वित है। हम हमारे कर्मचारियों को ग्लोबल कंपनी के साथ स्थिरता और स्टार्ट अप की तरह के अनुभव के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करता है, जो वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम व्यावसायिक तरिकों का लाभ उठाते हैं। यह, हमारी सभी को समान अवसर प्रदान करने और वर्ल्ड क्लास संचालन के परिणामस्वरूप ग्रेट मैनेजर कंपनी बनी है। हिन्दुस्तान ज़िंक में कार्य करने वाले कर्मचारियों को हम उनके कौशल को सशक्त बनाने और संगठनात्मक क्षमताओं को बढ़ाते हुए उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

भारत की प्रमुख मेटल कंपनी के रूप में, हिन्दुस्तान ज़िंक विविध और समावेशी कार्यबल को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। कंपनी ने लंबे समय से नवाचार और तेजी से डिजिटलीकरण एवं स्वचालन द्वारा संचालित मानकीकृत कार्य अनुभव सुनिश्चित कर नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से पहलों को प्राथमिकता दी है जो इस क्षेत्र से जुड़े भारी और शारीरिक श्रम की गलत धारणा को दूर कर रही है। जीवन के हर चरण में कर्मचारियों को सहयोग हेतु हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता - व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों - ने करियर को बढ़ाने वाले अवसरों को जन्म दिया है, जिसमें नाइट शिफ्ट, रीच जॉब कन्टेंट और प्रोग्रेसिव वर्कप्लेस पॉलिसी जैसे जीवनसाथी को कार्य हेतु अवसर, बच्चे की देखभाल के लिए साल भर का विश्राम और मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता हेतु छुट्टी की नीतियां शामिल हैं। कंपनी कर्मचारियों के लिए प्रतिभा की गतिशीलता को भी बढ़ावा देती है जो अपनी रुचि और योग्यता के आधार पर अलग-अलग व्यावसायिक कार्यों में कार्य करना चाहते हैं। इसके अलावा, कंपनी ने कर्मचारियों को कौशल प्रदान करने, कौशल बढ़ाने और पुनः कौशल प्रदान करने के लिए कई कार्यक्रमों को संस्थागत रूप दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे जॉब एनरिचमेंट के लिए अग्रणी हैं। इन कार्यक्रमों में कक्षा प्रशिक्षण, वैश्विक विशेषज्ञों से सलाह और प्रशिक्षण, व्यवहारिक कार्यक्रम और व्यावहारिक, तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है।

वेदांता समूह की कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत ज़िंक उत्पादक और तीसरी सबसे बड़ी सिल्वर उत्पादक है। कंपनी ने इकोजेन भी लॉन्च किया, जो एशिया का पहला कम कार्बन वाला 'ग्रीन' ज़िंक ब्रांड है, जिसका कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन उत्पादित ज़िंक के बराबर 1 टन से भी कम है। कंपनी प्रमाणित 2.41 गुना वाटर-पॉजिटिव भी है और 2050 या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेटल और माइनिंग उद्योग में अग्रणी कंपनी के रूप में, हिन्दुस्तान ज़िंक सस्टेनेबल भविष्य की ओर ग्लोबल एनर्जी ट्रान्जिशन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण धातुएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण है।

### कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन



**उदयपुर (पुकार)।** हज़रत अजमेरी बेग र.अ. उर्फ मलंग शॉह बाबा साहब (कौमी एकता व साम्प्रादायिक सौहार्द के प्रतीक) का 256 वॉ उर्स मुबारक में तिलावते कुराआने पाक से आगाज हुआ बाद नमाज़े ज़ौहर कुरआनख्वानी में अक़ीदत मन्दो ने शिरकत की। इसके बाद नाआतख्वॉ पार्टीयो ने नातिया कलाम पेश किये व शहर के मशहूर नाअतख्वॉ हज़रात ने सूफियाना कलाम पेश किये। बाद नमाज़े अस्र मस्तान बाबा दरगाह की जानिब से मस्तान बाबा ट्रस्ट के सदर सैय्यद सज्जाद हुसैन साबरी साहब व नायब सदर अकील खांन साहब, व सलीम रज़ा के ज़ेरे कयादत में चादर शरीफ पेश की गई। जिसमें काफी तादाद में अक़ीदत मन्दो ने शिरकत की। उसके बाद मेहमाने खुसूसी मुकर्रिर ज़ीवकार अल्हाज हज़रत मौलाना सूफी निसार अहमद साहब, बासनी, नागौर खतिबो इमाम मक़बरा मस्जिद सूरजपोल उदयपुर वालो ने जायरीनो को मुखातिब किया। साथ ही तमाम जायरीनो को उर्स की मुबारक बाद दी दुआ में अपने शहर राज्य व मुल्क में अमनो चैन व आपसी भाईचारे के लिए दुआए मांगी। कपासन शरीफ से आये मेहमाने खुसूसी मोहम्मद यासीन खां अषरफी सेकेट्री वक्फ कमेटी हज़रत दीवाना शाह र.अ., शायरे इस्लाम मोहम्मद अब्बास अज़हर अषरफी, हाफिज मोहम्मद मुस्ताक अषरफी जो की मदीना शरीफ में मस्जिद इमाम, डॉ. तनवीर अषरीफ की दस्तारबंदी सूफी निसार व हज़रत मौलाना शाह सय्यद फाज़िल मियां अशरफी मेसूरी साहब द्वारा की गई। इसके बाद दरगाह शरीफ मे रात दिन खिदमत करने वालो की दस्तारबंदी कर उनकी होंसला अफजाई की। सहायक मिडिया प्रभारी अब्दुल अजीज सिंधी ने बताया की गुरूवार को सिंधीयान कमेटी की ओर से सिंधी सरकार की हवेली से चादर शरीफ का जूलुस रवाना हुआ जो मलंग शाह बाबा की दरगाह पर पहुंचकर चादर शरीफ पेश की। कमेटी के ( उर्स-संयोजक) जनाब अब्दुल लतीफ मन्सुरी ने प्रसाशन, नगर निगम, व पुलिस विभाग का माकूल इन्तजाम के लिए शुक्रिया अदा किया। फातेहा ख्वानी के बाद कुल की रस्म व दिन भर शहर के मौहल्लो से आस्ताने पर चादर शरीफ पेश करने का सिलसिला जारी रहा। जायरीनो के लिये दरगाह के अहाते में सबील, शरबत व लंगर तकसीम किया गया। यह जानकारी उर्स संयोजक अब्दुल लतीफ मंसूरी द्वारा दी गई।

### औदिच्य समाज के नोहरे का हो रहा है जिर्णोद्धार, किया अवलोकन

**उदयपुर (पुकार)।** श्री लक्ष्मी नारायण औदिच्य समाज ट्रस्ट की ओर से उदयपुर जिले के पाणुन्द लक्ष्मीनारायण चौक स्थित औदिच्य समाज के नोहरे का जिर्णोद्धार का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। औदिच्य समाज पाणुन्द बैठक के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल औदिच्य ने बताया कि समाज के नोहरे कार्य को मूर्त रूप देने के लिए गांव से पंचगण उदयपुर आए और नोहरे के विकास कार्य के लिए गांव के विशिष्टजनों से अर्थ सहयोग एकत्र कर समाज के नोहरे का कायाकल्प व स्वरूप बदलने का बिड़ा उठाया है। ट्रस्ट के महामंत्री तुलसीराम डूंगावत ने बताया कि जिणोद्वार कार्य को लेकर शुक्रवार को औदिच्य समाज के नोहरे की छत भराई का कार्य करवाया गया। नोहरे को भव्य रूप देने के लिए समाज के भामाशाह आगे आ रहे है। जिसमें पुरोहितों की मादडी क्षेत्र, हिरण मगरी सेक्टर 5, सेक्टर 3, सवीना, अशोकनगर, मण्डी, देबारी, आयड़ आदिह्य क्षेत्रों में रहने वाले समाजजनों ने आर्थिक सहयोग किया। संरक्षक पन्नालाल डूंगावत माडसाब, ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत, समाजसेवी जगदीश डूंगावत, कोषाध्यक्ष नाथुलाल धूलावत, महामंत्री तुलसीराम डूंगावत, लक्ष्मीनारायण युवा परिषद के संस्थापक हीरालाल गोकलावत, पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत, परिषद अध्यक्ष झमकलाल धूलावत, मोहनलाल व्यास, वृद्धिशंकर गोन्दावत, मगनीराम धूलावत, परसराम गोन्दावत, रामचन्द्र धूलावत, देवीलाल बोरीवाला, प्रेमशंकर डूंगावत, तुलसीराम धूलावत, कन्हैयालाल धूलावत, प्रकाश हीरावत, शोभालाल गोकलावत, गणेशलाल डूंगावत, सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### यूसीसीआई सदस्यों ने किया 'कोसवी आवरण कम्पनी' का औद्योगिक भ्रमण



**उदयपुर (पुकार)।** हमारा उद्देश्य परम्परागत हस्तकला को बढावा देने के साथ-साथ जरुरतमंद लोगों को रोजगार मुहैया करवाना है। इंडिगो डाई को उपयोग में लेते हुए 'डाबू' प्रिन्टिग हस्तकला को संरक्षण प्रदान करने एवं इससे डिजाईनिंग किये परिधानों का विपणन कर महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी बनाने के लक्ष्य को काफी हद तक पूरा किया है। उपरोक्त जानकारी श्रीमति अलका शर्मा ने दी।

मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि आओ फैक्ट्री देखें श्रृंखला के अन्तर्गत उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सदस्यों ने कोसवी आवरण प्रोड्यूसर कम्पनी की टैक्सटाईल डिजाईनिंग एवं प्रिन्टिग की विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन किया।

यूसीसीआई की मेम्बरशिप एंगेजमेन्ट सब कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमति हसीना चक्कीवाला ने कोसवी आवरण कम्पनी की इण्डस्ट्रीयल विजिट के आरम्भ में श्रीमति अलका शर्मा का परिचय देते हुए बताया कि÷नौकरीपेशा परिवार की पृष्ठभूमि वाली महिला होते हुए संघर्ष करके उद्यमी बनने की जीवन्त कहानी है कोसवी आवरण प्रोड्यूसर कम्पनी। ग्रामीण महिलाओं को ट्रेनिंग प्रदान कर कार्य-कुशल बनाना तथा उन्हें आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये श्रीमति अलका शर्मा को यूसीसीआई एक्सीलेन्स अवार्ड प्राप्त हो चुका है।

कम्पनी की निर्देशक अलका शर्मा ने सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि मेवाड के आकोला क्षेत्र की परम्परागत कपडा रंगाई व छपाई की प्राचीन गाबू प्रिन्टिग की कला में लगभग 300 महिलाओं को आजीविका मुहैया की जा रही है। डिजाईनर हेड सुश्री चारु ने स्लाईड शो के द्वारा कम्पनी की विभिन्न प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया। अध्यक्ष एम.एल. लूणावत ने अलका शर्मा की प्रशंसा करते हुए मेवाड की इस परम्परागत हस्तकला का प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया। औद्योगिक भगमण में कोषाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र बोलिया, केजार अली, डॉ. विवेक वशिष्ठ, सोमिल माहेश्वरी, डॉ. अंशु कोठारी, ओमप्रकाश अग्रवाल, तनय कोठारी, सुयश जैन आदि सहित लगभग 40 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# सम्पादकीय

## सांसदों की धक्का-मुक्की

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा।

कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संगिनी मैन उदयपुर द्वारा जीरावाला पार्श्वनाथ मंदिर में प्रभु भक्ति का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** जेएसजी संगिनी मैन उदयपुर द्वारा न्यू नवरत्न कॉम्पलेक्स स्थित जीरावाला पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ प्रभु भक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि सदस्याओं ने तबला वादन के साथ भक्ति की रस धारा में नाचते व झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया।संगिनी मैन उदयपुर द्वारा प्रतिमाह उदयपुर के विभिन्न क्षेत्रों के मंदिरों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें सभी संगिनी सदस्याओं को अपने जीवनसाथी के साथ आमंत्रित किया जाता है। प्रभु भक्ति की संयोजिका ग्रुप सदस्य हेमा ओस्तवाल की ओर से भक्ति के पश्चात प्रभावना वितरित की गई व अल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित संपादित करवाने में सरोज तलेसरा का विशेष सहयोग रहा। डॉ प्रमिला जैन, उर्मिला जैन, स्नेहलता पोरवाल, कमला नलवाया, डॉ शिखा, नमिता मेहता, हेमा ओस्तवाल आदि लगभग 60 सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना क्षेत्र में होटल में काम करने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आयुष (21) पुत्र मनोज मिश्रा निवासी कमौर कटनी मध्यप्रदेश, भीलवाड़ा जिले लखावली में स्थित एक होटल तत्सरा में काम करता था और वहीं पर स्टॉफ क्वार्टर में रहता था। यह गुरुवार को होटल में ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो अन्य स्टॉफ उसे तलाशते हुए उसके कमरे पर पहुंचा और कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो उसने दरवाजा नहीं खोला। इस पर अन्य स्टॉफ ने आकर दरवाजा तोड़कर देखा तो यह कमरे में लटक रहा था। यह देखकर पुलिस को बताया, जिस पर थाने से जाप्ता गया और युवक को उतारकर चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों के आने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### मात्र एक घंटे सूने रहे मकान से जेवरात चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** सविना थाना क्षेत्र में मात्र एक घंटे के लिये सूने रहे मकान के ताले तोड़कर बदमाश जेवरात चुरा ले गए।

पुलिस सूत्रो के अनुसार नीलम पत्नी अशोक भट्ट निवासी सेक्टर 9 ने रिपोर्ट दी कि 18 दिसम्बर को वह अपनी दोनों बेटियों के साथ किसी काम से करीब 7 बजे घर से निकली थी। एक घंटे के बाद लौटी तो घर का मैन दरवाजा खुला हुआ था। बदमाश उसके घर से 2 मंगल सूत्र, सोने के दो कड़े, 4 जोड़ी चांदी की पायजेब, एक चांदी का बिस्किट, आधा किलो छुटपुट चांदी, चांदी का एक बड़ा सिक्का चुरा ले गए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर (पुकार)।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष गीता शर्मा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलक्टर को सौंपा गया। भामसं के जिलामंत्री हेमंत गर्ग ने बताया कि ज्ञापन देने के दौरान गजेंद्र सिंह राणावत, दिनेश शर्मा, राजकुमार गौड़, लीला राव, सज्जन गोस्वामी, शंकर कुंवर, ललिता लोहार, लक्ष्मी राजपूत उपस्थित रहे। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कर्मियों का मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह की 5 तारीख तक करने, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं इंदिरा गांधी मातृत्व योजना का कार्य ऑफलाइन ही कराने, आंगनबाड़ी कर्मियों को जब तक ग्रेजुएटी एवं पेंशन का लाभ नहीं दिया जाता तब तक आयु सीमा बढ़ाकर 65 वर्ष करने आदि मांग की गई।

# सदियों की परंपरा को समकालीन फैशन के साथ जोड़ती है साड़ी



**डॉ. डॉली मोगरा**

साड़ी सिर्फ एक परिधान नहीं है, बल्कि यह स्त्रियों की गरिमा, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। साड़ी के प्रत्येक धागे में शिल्प की उत्कृष्टता बुनी हुई होती है, हर रंग में विविधता झलकती है, और हर डिज़ाइन में एक अनूठी कहानी छिपी होती है। इसके वैश्विक विस्तार से न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिला है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी पूरी दुनिया में स्थापित करता है। यह अविश्वसनीय है, लेकिन सत्य है कि इस भारतीय परिधान को पूरी दुनिया ने खुले दिल से अपनाया है। साड़ी एक महिला के पहनने के लिए सबसे खूबसूरत परिधानों में से एक है। छह गज का यह चमत्कारी परिधान न केवल समय के साथ अपनी शिल्पकला को निखार चुका है, बल्कि इसने कई युवतियों को भी साड़ी पहनने के लिए आकर्षित किया है। आज यह भारतीय पहनावा पारंपरिक और आधुनिक स्पर्श के साथ विभिन्न प्रकार के कपड़ों और शैलियों में दुनिया भर में देखा जाता है।

**महाभारत में साड़ी का उल्लेख**

पौराणिक ग्रंथ महाभारत में द्रौपदी के चीर-हरण का प्रसंग कौन नहीं जानता? जब क्रोध में आकर दुर्योधन ने द्यूत-क्रीड़ा में द्रौपदी को जीतकर उसकी अस्मिता को सार्वजनिक चुनौती दी थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने साड़ी की लंबाई बढ़ाकर उसकी रक्षा की थी। इससे यह सिद्ध होता है कि साड़ी केवल एक पहनावा नहीं, बल्कि स्त्री के लिए आत्मकवच भी है।

**21 दिसंबर: विश्व साड़ी दिवस**

21 दिसंबर का दिन अंतर्राष्ट्रीय साड़ी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह विशेष दिन भारत और दुनिया भर में महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले इस पारंपरिक परिधान का जश्न मनाता है। साड़ी कपड़े का एक छह गज लंबा टुकड़ा है, जिसकी खूबसूरती इसके रंगों, जटिल कढ़ाई और अनोखे डिज़ाइनों में छिपी होती है। साड़ी का इतिहास हज़ारों साल पुराना है और हिंदू ग्रंथों में 2800 ईसा पूर्व से इसका उल्लेख मिलता है।



विश्व साड़ी दिवस (21 दिसंबर-2024 )

**परंपरा और शान का प्रतीक**

साड़ी भारतीय महिलाओं के लिए सबसे बेहतरीन परिधान है, जो परंपरा और शान दोनों को दर्शाता है। यह प्रतिष्ठित परिधान अपनी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करता है और पहनने वाले के व्यक्तित्व को निखारता है। सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराती साड़ी आज के समय में लहंगा स्टाइल तक विभिन्न शैलियों में उपलब्ध है। प्रत्येक साड़ी न केवल अपनी समृद्ध श्रृंखला से एक अनूठी कहानी बयां करती है, बल्कि पहनने वाले की शान को भी बढ़ाती है। साड़ी चाहे भव्य समारोहों के लिए पहनी जाए या रोज़मर्रा के अवसरों के लिए, यह भारतीय पहचान और सदियों पुरानी परंपरा को समकालीन फैशन के साथ जोड़ती रही है।

**साड़ी का ऐतिहासिक सफर**

साड़ी का इतिहास प्राचीन भारत से जुड़ा है। साड़ी शब्द संस्कृत के 'सट्टिका' से आया है, जिसका अर्थ 'कपड़े की पट्टी' है। ऋग्वेद और महाभारत में साड़ी का उल्लेख है। हड़प्पा सभ्यता के अवशेषों में भी साड़ी जैसी वस्त्रों की छवियां पाई गई हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि साड़ी भारतीय महिलाओं की पहचान का प्रतीक रही है। विभिन्न राजवंशों और संस्कृतियों के प्रभाव से साड़ी ने कई रूप धारण किए हैं। आज साड़ी विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध है, जो समय के साथ और भी विकसित हुई है।

**भारत में साड़ियों की विविधता**

भारत में साड़ी पहनने के तरीके भौगोलिक स्थिति और पारंपरिक मूल्यों पर निर्भर करते हैं। भारत में प्रमुख साड़ी शैलियाँ हैं: कांजीवरम, बनारसी, पटोला, चंदेरी, महेश्वरी, मूंगा रेशम, पैठानी, बालूचरी, टंगैल, और अन्य।

**विश्व साड़ी दिवस के उद्देश्य**

1. साड़ी की विरासत को सहेजनाः साड़ी की समृद्ध विरासत को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प।
2. हस्तकला को बढ़ावा देनाः कारीगरों के रोजगार को प्रोत्साहित करना और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना।
3. भारतीय फैशन को विश्व मंच पर लानाः साड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास।

**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में साड़ी**

साड़ी की लोकप्रियता केवल भारत तक सीमित नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मध्य-पूर्व और सिंगापुर जैसे देशों में भी इसकी भारी मांग है। भारतीय प्रवासी और बॉलीवुड का प्रभाव इसे वैश्विक पहचान दिलाने में सहायक हैं।

**साड़ी का कारोबार**

भारत में साड़ी का कारोबार लगभग 12-15 बिलियन डॉलर का है। हर साल भारतीय परिवारों में एक साड़ी खरीदी जाती है, और साड़ी निर्यात का अनुमान ?5,000 करोड़ से अधिक है।

**फैशन से कभी बाहर नहीं हो सकती साड़ी :** साड़ी कभी फैशन से बाहर नहीं हो सकती। 'फ्यूजन साड़ी' और 'साड़ी गाउन' जैसी शैलियाँ पश्चिमी देशों में भी लोकप्रिय हो रही हैं। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइनर इसे ग्लोबल फैशन वीक में प्रदर्शित कर रहे हैं।

**चुनौतियाँ और संभावनाएँ**

चुनौतियाँः मशीन-मेड साड़ियों की प्रतिस्पर्धा, कारीगरों को उचित मजदूरी का न मिलना, और सस्ते उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा।

**संभावनाएँ:** साड़ी के प्रीमियम बाजार को बढ़ावा देना, जैविक और प्राकृतिक रेशों से बनी साड़ियों की मांग बढ़ाना, और सांस्कृतिक कूटनीति के माध्यम से इसे वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाना।

'विश्व साड़ी दिवस ' न केवल साड़ी को सम्मान देने का एक अवसर है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती देने और विश्व को हमारी परंपरा से जोड़ने का एक माध्यम भी है। आइए, इस दिवस पर साड़ी पहनकर अपनी संस्कृति पर गर्व करें और इसे एक नई पहचान दिलाएं।

*- इंचार्ज हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर*

# एमपीयूएटी का दीक्षांत समारोह आज, 1181 विद्यार्थियों को प्रदान की जायेगी उपाधियां

### विभिन्न संकायों के प्रतिभावान योग्य 42 विधार्थियों को पदक

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर का 18 वां भव्य दीक्षांत समारोह 21 दिसम्बर शनिवार सुबह 10.45 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के माननीय राज्यपाल व कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे करेंगे। दीक्षांत उद्बोधन प्रख्यात वैज्ञानिक व असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट के पूर्व कुलपति डॉ. अमरनाथ मुखोपाध्याय प्रदान करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने शुक्रवार को कुलपति सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में कुलाधिपति एवं राज्यपाल माननीय श्री हरिभाऊ बागडे कुल शुभांक 1181 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान करेंगे। इनमें 790 छात्र व 391 छात्राएं हैं। इसके अलावा अकादमिक वर्ष 2023-24 में उत्तीर्ण 938 स्नातक, 181 निष्णात (पीजी) व 62 विद्या वाचस्पति (पीएचडी) अभ्यर्थियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी। साथ ही विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों तथा विभिन्न संकायों के प्रतिभावान योग्य 42 विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए जाएंगे। पदक विजेताओं में 57 प्रतिशत भागीदारी के साथ 24 छात्राएं व 18 छात्र हैं।




डॉ. कर्नाटक ने बताया कि शनिवार सुबह माननीय राज्यपाल विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानन्द सभागार, डेयरी व खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सामने पहुँचेगे जहाँ एन.सी.सी. कैडेट उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर देंगे।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वागत उपरांत माननीय राज्यपाल महोदय एकेडेमिक प्रोसेशन के संग सभागार में पहुंचेंगे जहां दीक्षान्त समारोह का आगाज राष्ट्रगान के साथ होगा। कुलाधिपति के शुभारंभ उद्घोष के उपरांत कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक विश्वविद्यालय का एक वर्षीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

दीक्षांत समारोह में एक विशिष्ठ आयोजन के अंतर्गत विश्वविद्यालय की विगत दो वर्षों में अर्जित उपलब्धियों तथा नेतृत्व द्वारा दिए गए प्रेरक व दूरदर्शी व्याख्यानों पर आधारित दो प्रकाशनों का भी माननीय राज्यपाल विमोचन करेंगे। तद्उपरांत दीक्षांत उद्बोधन डॉ. अमरनाथ मुखोपाध्याय पूर्व कुलपति असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट देगें व माननीय राज्यपाल अपना अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का विधिवत समापन राज्यपाल की घोषणा से होगा। दीक्षांत समारोह की तैयारियों को सुधांशु सिंह, कुलसचिव, डॉ. लोकेश गुप्ता, समारोह समन्वयक व डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता तथा डॉ. राम हरी मीणा, परीक्षा नियंत्रक के निर्देशन में अंतिम रूप दिया गया।

**दीक्षांत समारोह में पहली बार कुछ खास नवाचार**

- चांसलर मैडल पहली बार नयनाभिराम एवं विलक्षण फ्रेम में सजाकर दिया जाएगा।
- हर विद्यार्थी को डिग्री भी चित्ताकर्षक फ्लैप में रखकर दी जाएगी।
- डिग्री में बाकायदा बारकोड होगा जिसे स्केन कर विद्यार्थी के बारे में संपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकेगी।
- डिग्री पर विश्वविद्यालय का विशेष कोड भी अंकित है ताकि डिग्री के असली-नकली की पहचान की जा सके।
- स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों की डिग्रियों पर स्वर्णक्षरों को एम्बोज कर उकेरा गया है जो काफी खूबसूरत है।
- समारोह में एकरूपता व सादगी के मद्धेनजर इस बार सभी विद्यार्थियों-शिक्षक सफेद/क्रीम रंग के गणवेश (ड्रेस कोड) पहन कर आएंगे।
- समारोह में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थी तय अलग-अलग रंग का बैज व उपरणा धारण करके आएंगे।

# नवपदोन्नत वैज्ञानिकों-शिक्षकों द्वारा कुलपति डॉ. कर्नाटक का सम्मान

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर से संबद्ध संभाग के कृषि विज्ञान केन्द्रों की शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान नव पदोन्नत वैज्ञानिक-शिक्षकों ने कुलपति डा. अजीत कुमार कर्नाटक को मेवाड़ी साफा पहना स्मृति देकर आभार जताया।



डॉ.आर.एल सोनी, निदेशक प्रसार ने माननीय कुलपति को पुष्पगुच्छ, पगड़ी व उपरणा भेंट कर स्वागत किया व आभार व्यक्त किया। डॉ. कर्नाटक ने भी पदोन्नत सभी शिक्षकों का मुंह मीठा कराया व माला पहनाकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही संपन्न विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल (बॉम) की बैठक में करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत कुल 44 वैज्ञानिक शिक्षकों को पदोन्नति पर मुहर लगाई गई। इसमें 10 सहायक प्राध्यापकों को सीनियर स्केल में पदोन्नत किया गया जबकि दो वैज्ञानिकों को एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया। एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत 32 शिक्षकों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर पद पर पदोन्नत छः वैज्ञानिकों डॉ. बी.एल. रोत (डूगंरपुर), डॉ. पी.सी. रेगर (राजसमंद), डॉ. योगेश कनोजिया (प्रतापगढ़), डॉ. आर.एल. सौलंकी (चित्तौड़गढ़), डॉ. के.सी. नागर (भीलवाड़ा) एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेश जलवानिया (शाहपुरा) ने लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

डॉ. कर्नाटक ने सभी को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि कोई आदमी आपके लिए एक कदम आगे बढ़े तो आपका दायित्व है कि उसके लिए दो कदम बढाएं। यही सदाशयता आदमी को समाज में ऊंचा उठाती है। उन्होंने पदोन्नति प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहयोग करने वाले वैज्ञानिकों डॉ. एस.एल. इंटोदिया व डॉ. वीरेन्द्र नेपालिया को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव बैराठी ने किया।

# मानगढ़ क्रिकेट कप : क्रिकेट अरावली एकेडमी, सनातन, रेनबो और हरिजन क्लब ने जीत दर्ज कराई

**बांसवाड़ा (पुकार)।** मानगढ़ क्रिकेट कप के तहत शुक्रवार को हुए मैचों में क्रिकेट अरावली एकेडमी, सनातन क्लब, रेनबो क्लब व हरिजन क्लब ने जीत दर्ज कराई।

जिला क्रिक्रेट संघ के उपाध्यक्ष योगेश पंड्या ने बताया कि हरिदेव जोशी स्टेडियम पर पहला मुकाबला क्रिकेट अरावली एकेडमी व निहारिका इलेवन के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर निहारिका इलेवन ने क्षेत्र रक्षण का फैसला किया।

क्रिकेट अरावली एकेडमी की ओर से कपिल जोशी ने 77, गौरव ने 31, मिहिर पटेल ने 30 रनों का योगदान देते हुए 189 रन का स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी निहारिका इलेवन ने गोपाल के 26, निखिल के 39 रनों की मदद से 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। क्रिकेट अरावली एकेडमी ने 79 रनों से मैच जीत लिया।

मैन ऑफ द मैच हिमांशु रहे जिन्होंने ग्यारह रन पर चार महत्वपूर्ण सफलता अपनी टीम के लिए अर्जित की। दूसरा मुकाबला बंगाल टाइगर्स व सनातन क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर बंगाल टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। बंगाल टाइगर्स की टीम ऋतिक के 51, रोनी के 17 रनों के योगदान से 137 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनातन क्रिकेट टीम ने सुमित के 44, कमल के 43, अर्जुन कुशवाहा के 29 रनों की बदौलत 138 रन बनाए तथा 5 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अर्जुन कुशवाहा रहे जिन्होंने बल्लेबाजी में 29 रन नाबाद तथा गेंदबाजी में 23 रन देखकर चार महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की। कुशलबाग स्टेडियम पर पहला मुकाबला फाल्कन क्रिकेट क्लब व रेनबो क्रिकेट क्लब ठिकरिया के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर फाल्कन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया।

फाल्कन क्लब की टीम शशांक के 20, सुमित के 22 रनों के बदौलत 83 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनबो क्रिकेट टीम ने संजीव 37, महेंद्र के 18 रनों की बदौलत 2 विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर जीत दर्ज की। रेनबो क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से जीत दर्ज की।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच हार्दिक दर्जी रहे जिन्होंने ग्यारह रन पर तीन महत्वपूर्ण सफलताएं अर्जित की। दूसरा मुकाबला हरिजन क्रिकेट क्लब व फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब हेजामाल के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर हरिजन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया।

किरण के 25, अल्केश के 25, दिनेश के 23 रनों के योगदान से हरिजन क्रिकेट क्लब ने 10 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स क्रिकेट टीम ने सेम के 30, गोविंद के 34 रनों के सहयोग से 148 रन बनाये। हरिजन क्रिकेट टीम ने 13 रनों से जीत दर्ज कराई।

मैन ऑफ द मैच किरण रहे जिन्होंने बल्लेबाजी में 25 रन तथा गेंदबाजी में 18 रन देकर तीन महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की।

# चौथे दिन मिला बड़ी तालाब में कूदे युवक का शव

**उदयपुर (पुकार)।** चार दिन पूर्व प्रेमिका को फोन कर बड़ी तालाब में कूदने वाले युवक का शव शुक्रवार अपरान्ह को एसडीआरएफ टीम ने पाल से 200 फीट दूरी पर गहराई से निकाला। परिजनों ने भूपालपुरा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित साहू (32) पुत्र कैलाश निवासी कृष्णपुरा भूपालपुरा 16 दिसम्बर को सुबह करीब साढ़े दस बजे अपने घर से निकला था। स्कूटी से वह करीब 12 बजे बड़ी तालाब पर पहुंचा और वहां से उसने अपनी प्रेमिका को फोन किया कि वह बड़ी तालाब में कूद रहा है। इस पर युवती ने तुरन्त सुमित के दोस्त नारायण चौधरी को फोन कर इसकी जानकारी दी। इस पर नारायण अपने कुछ दोस्तों के साथ तुरन्त बड़ी तालाब पहुंचा तो देखा कि बड़ी तालाब से जाने वाले रास्ते पर स्कूटी खड़ी थी। पुलिस को सूचना देने पर उस दिन बड़ी तालाब में ढूंढा, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस पर 17 दिसम्बर से एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की टीम ने शव की तलाश शुरू की। शुक्रवार को अपरान्ह 4 बजे करीब बड़ी तालाब की पाल से करीब 200 फीट दूरी पर गहराई में शव मिला। टीम ने युवक को बाहर निकाला तो उस दौरान परिजन भी वहां मौजूद थे। शव एम.बी. चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम शनिवार को होगा।

### बैल के सींग मारने से घायल महिला की मौत

**उदयपुर।** सविना थाना क्षेत्र बैल के सिंग मारने से घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रो के अनुसार बसंती (58) पत्नी दल्ला गमेती निवासी अंबामाता घाटी 16 दिसम्बर को पैदल ही घर से किराणे का सामान लेने जा रही थी कि रास्ते में बैल ने सिंग मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। उसे गम्भीर घायलावस्था में एम.बी. चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

# यू डी टैक्स वसूली को लेकर निगम ने फिर दिखाई सख्ती

### नगरीय विकास कर नहीं देने पर 3 प्रतिष्ठान को किया सीज

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा शहर में पिछले कई दिनों से अतिक्रमण, सफाई और यू डी टैक्स वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

लापरवाही मिलने पर निगम आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर लगातार इमारत, प्रतिष्ठान को सीज करने जैसी कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते शुक्रवार को भी निगम द्वारा 3 संपत्ति को सीज किया गया।

नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने को लेकर शुक्रवार को कार्यवाही की गई। शुक्रवार को एकलिंग गार्डन, रामपुरा रोड, मल्लाह तलाई जिनका बकाया कर अनुमानित 90.00 लाख रुपया है कार्यवाही कर सीज किया गया, वहीं गोविन्दम कॉम्पलेक्स जिसका 18 लाख 12 हजार रुपए नगरीय विकास कर बकाया है।

प्रताप नगर स्थित पचोलिया वे ब्रिज धर्म काटा जिसका नगरीय विकास कर 28 लाख 54 हजार बकाया है। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई।

निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है।

संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था।

सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु तीनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि शहर में सभी प्रतिष्ठान मालिक जिनको नगर निगम द्वारा नगरीय विकास कर जमा करवाने के नोटिस मिल चुके हैं वह निगम कार्यालय में पहुंचकर अपना यूडी टैक्स जमा करवाकर शहर के विकास में अपना सहयोग करें।

यदि इसके उपरांत भी नगरीय विकास कर नहीं जमा कराया जाता है तो निगम को सख्त कार्रवाई करते हुए संपत्तियों को सीज किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित फर्म मालिक की ही रहेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### ब्रहामण समाज की बेटी का किया स्वागत

**राजसमंद (पुकार)।** जिले में वर्तमान में नियुक्त प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी लतिका पालीवाल का मेवाड़ ब्रहामण एकता मंच एवं युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जेके गेस्ट हॉऊस कांकरोली पर इकलाई एवं



भगवान परसुराम की छवि भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मेवाड़ ब्राह्मण एकता मंच के जिला संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल, युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ के तहसील अध्यक्ष सुनील पालीवाल, भवानी जोशी, गिरीश पालीवाल, पसुन्द सरपंच आयन जोशी, पार्षद आशीष पालीवाल, भैरुलाल नन्दवाना, विनोद जोशी, विकास पालीवाल, धीरज पुरोहित सहित समाज के युवा उपस्थित थे।

### झील पर की साफ-सफाई

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन पर्यावरण संरक्षण थीम के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं को राजसमन्द झील पर



सफाई अभियान के लिए ले जाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुसुया उपाध्याय ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने झील पर साफ-सफाई की। झील पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया कि प्लास्टिक और अन्य प्रकार की सामग्री पानी में फेंक देने पर जल प्रदूषण होता है, जिससे कई बीमारियाँ फैलती है। इस प्रकार की सामग्री झीलों में नहीं फेंकनी चाहिए। झील के किनारे पड़े कचरे को बाहर निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम सह अधिकारी डॉ कमलेश पालीवाल ने सभी को स्वच्छता रखने के लिए अपने आस-पास के लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मार्बल व्यवसायी पौधरोपन कर पर्यावरण को बचाएं : भाटी

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे के नरसिंह द्वारा आश्रम में मार्बल ग्रेनाइट गैंगसा एवं कटर व्यवसायों की आवश्यक बैठक शुक्रवार को मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी की



अध्यक्षता में आयोजित हुई। भाटी ने कहा कि क्षेत्र में शुद्ध हवा एवं पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्रत्येक मार्बल व्यवसाय पांच पांच पौधे लगाकर शुद्ध पर्यावरण में सहयोग करें। भाटी ने कहा कि ग्राम पंचायत मोही के अंतर्गत करीब 400 मार्बल कटर मौजूद है यदि सभी पांच पांच पौधे लगाएंगे तो पूरा गांव शुद्ध पर्यावरण में सांस लेगा। वहीं ग्रेनाइट मशीनों से निकलने वाला अपशिष्ट मार्बल सैलरी को संगठन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही डालने संबंधी हिदायत दी गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष पूर्व सरपंच जगदीशचंद्र तेली, सचिव छगनलाल तेली, भगवानसिंह चुंडावत, मदनलाल तेली, कैलाशचंद्र तेली, भंवरलालसिंह, बाबूलाल तेली, लहरीलाल तेली, नंदराम तेली, चंपालाल तेली, रामेश्वरलाल टेलर, कन्हैयालाल, भगवानलाल तेली, जगदीशचंद्र, मदनलाल, नारूलाल, नारायणलाल, कालूराम, अंबालाल, जगदीशचंद्र सहित मार्बल एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

### हरिवंश कीर समाज की खेलकूद प्रतियोगिता 29 से

**राजसमंद (पुकार)।** हरिवंश कीर समाज की वीरांगना मां पूरी बाई कीर के 313वां जन्मोत्सव पर संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



29 से 31 दिसंबर तक कपासन में कीर समाज के छात्रावास में आयोजित होगी। चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर ने बताया कि संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की प्रतियोगिता की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। संभाग में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, सलूंबर तथा भीलवाड़ा जिलों की टीम में प्रतियोगिता में भाग लेगी। सभी प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट, कपासन पूर्व प्रधान मोहब्बतसिंह राठौड़, दामाखेड़ा सरपंच मोहनलाल जाट, कीर समाज पुष्कर कमेटी के अध्यक्ष कीकाराम कीर, प्रदेशाध्यक्ष किशनलाल कीर, मध्य प्रदेश अध्यक्ष कोमलसिंह वानिया उपस्थित रहेंगे।

### श्री नामदेव समाज संघ आम मेवाड़ चौखला कमेटी आकोला के चुनाव आज

**राजसमंद (पुकार)।** नामदेव समाज संघ आम मेवाड़ चौखला कमेटी क्षेत्र आकोला के चुनाव शनिवार को कांकरोली बस स्टेण्ड स्थित विट्ठल नामदेव मंदिर परिसर में होंगे। जिसमें चौखला अन्तर्गत मेवाड़ क्षेत्र के विभिन्न 16 गांवों से नामदेव छीपा समाज के सदस्य भागीदारी करेंगे। नामदेव (गहलोत) छीपा समाज समिति कांकरोली के अध्यक्ष गोपाललाल बगेरवाल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शाम छह बजे शुरू होगी, जिसके प्रारम्भ में विभिन्न पदों के लिए नामांकन होगा। इसके साथ ही चुनाव अधिकारी के निर्देशन व वरिष्ठजनों के सान्निध्य में नियमानुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएगी। चुनाव अन्तर्गत समाज संघ आम मेवाड़ चौखला कमेटी के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया जाएगा। इसमें चौखला क्षेत्र आकोला से सम्बद्ध सभी 16 गांवों से आने वाले सदस्य समाजजन शामिल होंगे। समिति के मंत्री धीरज सरावगी व कोषाध्यक्ष राधेश्याम डिग्गीवाल ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चुनाव स्थल पर निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। वहीं आगंतुक सदस्यों के आवास आदि के इंतजाम किए गए है। साथ ही चुनाव से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं के लिए स्थानीय समिति सदस्य जुटे हुए है। सदस्यों को अलग-अलग व्यवस्थाओं को लेकर दायित्व सौंपे गए है।

# अनुशासन, समय की पाबन्दी और निरन्तरता ही सफलता का रहस्य : कर्नल प्रो सारंगदेवोत







**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम मूमल के दूसरे दिन का आगाज मुख्य अतिथि विद्या प्रचारिणी सभा उदयपुर कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल (प्रो.) शिवसिंह सारंगदेवोत एवं जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर वाइस चांसलर ने दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि बीएन संस्थान उदयपुर प्रबंध निदेशक मोहब्बतसिंह राठौड़, संयुक्त मंत्री राजेन्द्रसिंह झाला, बीएन विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार डॉ निरंजन नारायणसिंह राठौड़, बीएन पीजी कॉलेज राजसमन्द चेयरमेन कुलदीप सिंह चुण्डावत, कमलेश्वरसिंह सांगदेवोत, नवलसिंह चुण्डावत, महेन्द्रसिंह चुण्डावत, महेन्द्रसिंह राठौड़, एडवोकेट देवेन्द्रसिंह राठौड़, मण्डल अध्यक्ष कोठारिया हरदयाल सिंह चौहान, सम्पतनाथसिंह चौहान थे। जबकि अध्यक्षता वीपी सभा मंत्री उदयपुर डॉ महेन्द्रसिंह राठौड़ ने की। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि प्राचार्य डॉ अपर्णा शर्मा ने स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन देते हुए वर्ष पर्यन्त आयोजित शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से दिया। मुख्य अतिथि कर्नल (प्रो.) शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि छात्राओं को समग्र विकास के लिए शिक्षण के साथ-साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। जीवन की सफलता का रहस्य अनुशासन, समय की पाबन्दी तथा निरन्तरता के साथ है। मंत्री डॉ महेन्द्रसिंह राठौड़ ने छात्राओं को आशीर्वचन दिया। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ ललिता राठौड़ ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम मूमल के दूसरे दिन के आकर्षण में बेस्ट स्टुडेन्ट प्रतियोगिता, फेशन शो एवं मैजिक शो रहे। फैशन शो बार्बी डोल थीम पर आधारित था, जिसमें छात्राओं एक से बढ़कर एक सुन्दर वेशभूषा के साथ रेम्पवॉक कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने हिन्दी फिल्मी गानों एवं लोक संस्कृतियों की झलक प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। राजस्थानी, पंजाबी, हरियाणवी बंगाली, गुजराती एवं कठपुतली नृत्यों पीली लुगड़ी, खम्मा घणी राठौड़ा री, काल्यो कूद पड्यों मेला मैं, लावणी तथा लोकनृत्य गवरी, मेवाड़ की विरागनाएं, कृष्ण लीला, रामायण, महाभारत -द्रोपदी चीर हरण जैसी भक्तिमय प्रस्तुतियों से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

## डॉ.अंबेडकर का अपमान करने और विपक्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठा केस दर्ज करने पर अमित शाह का फुंका पुतला

**राजसमंद (पुकार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व जिलाध्यक्ष नारायणसिंह भाटी के नेतृत्व में कांकरोली मैन चौपाटी पर गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फुंका और नारेबाजी कर विरोध जताया। पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह भाटी ने कहा कि बाबा साहेब



डॉ भीमराव अंडबेकर के अपमान पर गृह मंत्री अमित शाह को मांफी से बचाने के लिए भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार का सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र रचा है। भाजपा की बेशर्मी देखिए की अमित शाह की मांफी से ध्यान भटकाने के लिए पहले राहुल गांधी के खिलाफ मिथ्या आरोप लगाया और फिर मनगढ़ंत झूठ पर मुकदमा दर्ज करा दिया। जबकि पूरा देश जानता है कि कल कैसे भाजपा सांसदों ने पहले विपक्षी सांसदों को संसद में प्रवेश से रोका और फिर मांफी की मांग कर रहे दोनों सदनों के नेता विपक्ष और महिला सांसदों के साथ धक्का-मुक्की की। विपक्ष के साथ ऐसा दुर्व्यवहार इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा करके जनता का दुःख दर्द बांटने वाले राहुल गांधी देश में अहिंसा, करुणा और क्षमा की मिसाल हैं। उन पर अनर्गल आरोप लगाने से पहले भाजपा को आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। भाजपा जनता का ध्यान भटकाने के लिए भरसक प्रयास कर लें लेकिन देश की जनता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। अमित शाह को मांफी मांगनी होगी।

## शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा 24 से

**प्रसंग के अनुसार झांकियां रहेगी आकर्षण का केंद्र**




**राजसमंद(पुकार)।** शहर के महावीर नगर में शोभायात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। कथा वाचन पूर्व आरएस अधिकारी पंडित रामपाल शर्मा जैसलान करेंगे। जगदीश अग्रवाल ने बताया कि स्व घनश्याम लाल अग्रवाल की स्मृति में मुन्नादेवी अग्रवाल समाज एवं एरन परिवार भोपाल सागर की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत 24 दिसंबर को प्रातः 10:15 बजे भव्य कलशयात्रा के साथ होगी। उन्होंने बताया की कथा महावीर नगर में आरएसएस कार्यालय के पास म रेजिडेंसी गार्डन में होगी। कथा में शहर के आसपास के गांवों से समूह में आने वाले भक्तों के लिए आने जाने वाले वहां के किराए की व्यवस्था आयोजकों की ओर से की जाएगी। कथा में प्रतिदिन प्रसंग के अनुसार पेश की जाने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। कथा को लेकर 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था का डोम तैयार किया जा रहा है। अग्रवाल समाज की महिला जिलाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने बताया कि कथा की शुरुआत से पूर्व महावीर नगर स्थित राजराजेश्वर मंदिर से बैंड-बाजे, हाथी व घोड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# दलितो ने गृहमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**● पद से बर्खास्तगी व मुकदमा दर्ज कराने की मां, दी आंदोलन की चेतावनी**



**राजसमंद (पुकार)।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के सन्दर्भ में हाल ही में दिए वक्तव्य पर कड़ा आक्रोश जताते हुए अखिल भारतीय भीमसेना सहित विभिन्न दलित संगठनों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु के नाम एडीएम नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंपाकर गृहमंत्री के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने एवं पद से बर्खास्त कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। अखिला भारतीय भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर, संयुक्त दलित मंच संयोजक एसएल भाटी, महिला विंग नाथद्वारा तहसील अध्यक्ष रेखा जटिया, दलित आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड़, वरिष्ठ संरक्षक किशन कबीरा आदि के नतृत्व में विभिन्न दलित संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने गृहमंत्री के बयान को लेकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व विरोध व्यक्त किया। ज्ञापन में आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संसद भवन में सांसदों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में गृहमंत्री ने डॉण् अम्बेडकर के बारे में व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि अब अम्बेडकर का नाम लेना फैशन हो गया है तथा लोग जितना अम्बेडकर का नाम लेते हैए यदि उतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग प्राप्त हो जाता। ज्ञापन में बताया कि इस तरह गृहमंत्री ने बाबा साहेब का अपमान किया है, जिससे पूरे देश में दलित वर्ग के साथ सर्वसमाज में रोष व्याप्त हो गया है। देशभर में दलित संगठनों के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दल विरोध प्रदर्शन कर रहे है तथा इनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में गृहमंत्री को अपने पद पर रहने का कोई हक नहीं रह गया है। ऐसे में उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि ऐसे बयान देकर दलित वर्ग को उकसाया गया, जिससे कानून व्यवस्था भी बिगड़ सकती है तथा ऐसा होता पर जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। ज्ञापन में गृहमंत्री के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम एवं महापुरूषों के अपमान को लेकर प्रकरण दर्ज कराने की भी मांग की गई। इस अवसर पर भीमसेना जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र रेगर कोठारिया, दलित मंच संयोजक एसएल भाटी आदि ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा गृहमंत्री के खिलाप्ऊ ठोस सकार्रवाई नहीं होने पर दलित वर्ग उग्र आंदोलन पर मजबूर होंगा एवं इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अग्रिम रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान भीम आर्मी के पूर्व कोर कमेटी सदस्य ईश्वरलाल सालवी, प्रमोद रेगर, भैरूलाल, अनुसूचिज जाति जनजाति विकास परिषद प्रदेश सचिव भगवती सालवी, नरेश रेगर, प्रकाश रेगर, नारायण पड़ियार, भैरूलाल रेगर, सागरमल रेगर, रमेशचन्द्र, पुष्कर रेगर, मांगीलाल जनवाल, भगवानलाल सालवी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यायाधीश ने किया राजकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण





**राजसमंद (पुकार)।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने शुक्रवार को आरके जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अग्रवाल ने आरके जिला अस्पताल में प्रसुति वार्ड एवं पालना गृह का निरीक्षण किया। अग्रवाल ने अस्पताल में मातृत्व केयर यूनिट व नवजात शिशुओं के लिए स्पेशल विशिष्ट केयर यूनिट, मदर मिल्क बैंक एवं पालना गृह में उपलब्ध व्यवस्थाओं की गहनता से जांच की गई। उन्होंने इस यूनिट में स्थित मशीनों के क्रियाशील होने की जांच की उनके द्वारा लेबर रूम की जांच की गई। अस्पताल में 14 वार्मर बच्चों के लिए उपलब्ध थे जो क्रियाशील अवस्था में थे। चिकित्सालयों में चिकित्सकों, एएनएम व अन्य स्टाफ के लिए क्वार्टर उपलब्ध होना बताया। अस्पताल में आपातकाल के समय अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था उपलब्ध मिली एवं आपात बिजली आपूर्ति के लिए जनरेटर उपलब्ध है। वार्ड में स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था पाई गई, निरीक्षण में उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई संतोषजनक होना पाया। जननी सुरक्षा योजना के तहत गत तीन माह में 320 महिलाएं लाभान्वित होना पाया। अस्पताल परिसर में ही ब्लड बैंक का होना और ब्लड डोनेशन व संग्रहण की सुविधा है। अस्पताल में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध है। अस्पताल में एम्बूलेंस व्यवस्था उपलब्ध है और वार्ड तक एम्बूलेंस से तथा वहां से स्ट्रेचर के माध्यम से प्रसूति वार्ड तक पहुंचने की समूचित व्यवस्था पाई गई। सखी सेंटर का किया मासिक निरीक्षण प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने आरके अस्पताल में संचालित वनस्टॉप सेंटर का मासिक निरीक्षण किया। अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में सेंटर में दो बालिकाएं आवासरत हैं। सेंटर पर आश्रयरत महिलाओं/बालिकाओं के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं यथा साबुन, तेल, टूथपेस्ट इत्यादि उपलब्ध होना बताया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वन स्टॉप सेंटर पर कुल 15 कार्मिकों की संख्या है जिनमें से 4-4 कार्मिकों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई जाती है। गृह में आश्रयरत बालिकाओं के लिए भोजन की आवश्यकता होने पर भोजन अन्नपूर्णा रसोई से मंगवाना बताया। गृह में फर्स्ट एड बॉक्स सुविधा उपलब्ध है। सेंटर पर सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में पाए गए एवं स्वच्छ पेयजल के लिए कैंपर की सुविधा उपलब्ध है।

## टैक्स बार एसोसिएशन राजसमंद की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**राजसमंद (पुकार)।** टैक्स बार एसोसिएशन राजसमंद की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन होटल केशव इन में बार एसोसिएशन के



अध्यक्ष अनिल कुमार खंडेलवाल की अध्यक्षता व सीए देवेन्द्र हिंगड़, धर्मेन्द्र व्यास, दिनेश सनाढ्य, एडवोकेट देवेन्द्र कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोड़ीलाल कुमावत ने साधारण सभा में पिछले वित्तीय वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा व अभी तक का आर्थिक विश्लेषण पैश किया। संस्था सचिव सीए विशाल कोठारी व सह सचिव मयंक थरपाल ने साल भर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभा का संचालन किया। बैठक में नए सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एसोसिएशन के संविधान में संशोधन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। आगामी वार्षिक खेल प्रतियोगिता व गतिविधियों पर भी महत्वपूर्ण चर्चाएं की गई। इस अवसर पर लर्निंग सेशन में सीएस लोकेश शर्मा ने कम्पनी अधिनियम 2013 और एलएलपी अधिनियम 2008 पर सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

## दो दिवसीय शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का संभाग स्तरीय अभ्यास वर्ग 27 से

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का संभाग कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग आगामी 27 व 28 दिसंबर को जिला मुख्यालय स्थित विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय केशव नगर गुड़ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अभ्यास वर्ग को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश सुथार, विभाग संगठन मंत्री तेजबहादुर सिंह चारण और प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य की अध्यक्षता में विद्या निकेतन में किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुथार ने बताया कि इस वर्ष 27 दिसंबर और 28 दिसम्बर 2024 को संगठन का उदयपुर संभाग स्तरीय अभ्यास वर्ग राजसमंद में आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास वर्ग में संभाग के पांचो जिलों उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद और सलूंबर की प्रत्येक उपशाखाओं के प्रारंभिक 10 निर्वाचित सदस्यों के साथ-साथ जिला एवं संभाग स्तर के समस्त दायित्ववान कार्यकर्ता भाग लेंगे।




उन्होंने बताया कि इसमें संभाग और प्रदेश कार्यकारिणी साथ-साथ अखिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय स्तर के सदस्यों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। यह अभ्यास वर्ग 9 सत्रों में होगा जिसमें प्रत्येक उपशाखा एवं जिला कार्यकारिणी के सदस्य संगठन की रीति-नीति एवं लक्ष्यों के संबंध में चर्चा करते हुए संगठन की बारीकियों से परिचित होंगे। जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य ने प्रत्येक उपशाखा से इसकी तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकाधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने का आग्रह किया और साथ ही अधिशेष के बाद समायोजन में हुई त्रुटियों को दूर करते हुए सभी परिवेदनाओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। साथ ही प्रत्येक उप शाखाओं से संबंधित अन्य समस्याओं की जानकारी ली और उन समस्याओं के निराकरण का पूर्ण विश्वास दिलाया। जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी ने खेमराज समिति की रिपोर्ट लागू करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक कार्य पुस्तिका सत्र के प्रारंभ में उपलब्ध करवाने, सीएफजी राशि एक मुश्त सत्र प्रारंभ में विद्यालयों को जारी करने, आरजीएचएस की सुविधा को सरल बनाने, सभी विद्यालयों में सहायक कार्मिक लगाने की मांगों पर चर्चा की गई। प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ संयोजक राजेश्वर त्रिपाठी ने संगठन के महत्व के बारे में बताते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्णतः अनुशासित होकर इसके रीति नीति के अनुसार ही चलने की बात कही।

# द्वारकाधीश मंदिर में कुन्हवारा व विवाह मनोरथ के विषेश दर्शन

**● कल होगा भव्य छप्पन भोग मनोरथ**



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय पर स्थित द्वारकाधीश मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय उत्सव के पहले दिन शुक्रवार को राजभोग के दर्शन में कुन्हवारा का मनोरथ व शयन के दर्शन में विवाह मनोरथ का आयोजन किया गया। इस उद्धुत आयोजन के साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में देश-प्रदेश सहित स्थानिय श्रद्धालुओं ने मंरि पहुंचकर दर्शन किए। पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज, युवराज गोस्वामी वेदांत कुमार, सिद्धांत कुमार ने सेवा पूजा कर प्रभु की आरती उतारी। श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई असुविधा ना हो उसको लेकर मंदिर की ओर से विशेष इंतजाम किए गए जसमें महिला-पुरूषों को बारी-बारी से दर्शन करवाए गए है। राजभोग के दौरान हुए कुन्हवारा के मनोरथ में 1092 मंडले में सीरा, दही, भात, मठड़ी भरकर के प्रभु को भोग धरा गया। कुन्हवारा के दर्शन सुबह 11:30 बजे से प्रांरभ हुए जो करीब सवा दो घंटे तक चलते रहें, अनैक श्रद्धालुओं ने शायद कुन्हवारा के दर्शन पहली बार किए। पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज, युवराज गोस्वामी वेदांत कुमार, सिद्धांत कुमार ने कुन्हवारा सिद्ध किया। इसके बाद भोग आरती के पश्चात शयन के दर्शन दौरान ठाकुरजी के समक्ष विवाह मनोरथ की विषेश झांकी सजाई गई। इस दौरान ठाकुरजी के श्री मस्तक पर हीरा को दुमाला तापे काके, कतरा चन्द्रिका, अमरसी मोती को चाकदार वागा, वैसी सूथन मेघ श्याम मोजाजी, मेघ श्याम फतेही, अदरंग ठाड़े वस्त्र, वैसे गदल, सफेद जारी को फरगुल आदि धराए गए। कार्यालय अधीक्षक राजकुमार गौरवा ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार 21 दिसम्बर को श्रृंगार व ग्वाल के दर्शन में पलना का मनोरथ एवं शयन के दर्शन में जरदोजी का बंगला का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को मंगला सुबह 6 बजे, श्रृंगार प्रातः 7:30 बजे, ग्वाल प्रातः 10 बजे जिसमें सोने के पलना मनोरथ होंगे। उसके बाद राजभोग 11 बजे खुलेंगे। भोग आरती के दर्शन अनिश्चित है, शयन में सायं करीब 70 बजे जरदोजी का बंगला के दर्शन होंगे।

# शिक्षा न केवल ज्ञान का स्त्रौत हैं बल्कि समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं- प्राचार्या मधु नागपाल

## भगवद् गीता' के जीवन दर्शन के साथ संगम स्कूल में 20वां वार्षिकोत्सव संपन्न





**भीलवाड़ा (पुकार)।** संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दो दिवसीय 20वां वार्षिकोत्सव का अंतिम दिन साहस, सूझबूझ गीता उपदेश, मानवता व प्रौद्योगिकी के सामंजस्य और पारितोषिक वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भीलवाड़ा विधायक श्रीमान अशोक जी कोठारी व विशिष्ट अतिथियों के साथ संगम ग्रुप ऑफइंडस्ट्रीज के वॉयस चेयरमेन एस एन मोदानी, मेनेजिंग डारेक्टर ऑफ संगम स्कूल श्रीमति ममता मोदानी, मैनेजिंग डारेक्टर अनुराग सोनी और कृपि सोनी, चीफ बिजनिस मेनेजमेंट प्रनल मोदानी, एक्जीक्युटिव डारेक्टर वी के सोडानी, मेनेजिंग डारेक्टर ऑफ सोनी हॉस्पिटल श्रीमति अर्चना सोडानी तथा स्कूल की प्राचार्या सुश्री मधु नागपाल ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें सर्वप्रथम ''शक्ति की लय'' आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया गया जिसकी प्रेरक धुनों के माध्यम से नारी की असीमित शक्ति और साहस को दर्शाया गया जिसने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। नृत्य नाटिका ''चाचा चौधरी एवं बेताल'' के माध्यम से किंवदंतियों की पुर्नकल्पना को यथार्थ के रूप में अभिनय के माध्यम से शक्तिशाली बेताल से लड़ने वाले चाचा चौधरी और साबू के साहसिक कारनामों को जीवंत करते हुए ऊर्जावान नृत्यों और मनमोहक कहानियों द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत को प्रस्तुत किया। ''भगवद् गीता'': दिव्यता की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत आधुनिक ए.आई., इन्टरनेट और भगवद् गीता के द्वारा अतीत और वर्तमान में आत्मज्ञान, जीवन संतुलन और सिद्धान्तों को अनेक कहानियों एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया गया जो मानवता और प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन एवं उज्जवल भविष्य की संभावनाओं का मार्गदर्शन करते है। प्राचार्या मधु नागपाल ने पिछले 20 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सफर न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि चरित्र निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शिक्षा न केवल ज्ञान का स्त्रौत हैं बल्कि यह समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। हम एक ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी पूरी क्षमता तक पंहुचने के लिये सशक्त बनाता हैं। प्रत्येक गुजरते वर्ष के साथ हमने विद्यार्थियों के भविष्य को आकार देने के लिए नवाचार, लचीलेपन और समर्पण की विरासत बनाई हैं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और विजेता अभिभावकों को सम्मानित किया गया, इस मौके पर विद्यालय की आगामी योजनाओं और विकास कार्यों की भी घोषणा की गई। यह वार्षिकोत्सव सभी के लिए यादगार बन गया और सभी ने विद्यालय की प्रगति और सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## संक्षिप्त खबरें...

### प्रशासन गांवो के संग शिविर मंगलवार को होगा आयोजित, शिविर में समस्त शिकायतो का होगा समाधान

**भूपालसागर ।** उपखण्ड स्तरीय प्रशासन गांवो के संग शिविर का आयोजन पंचायत समिति मुख्यालय पर दिनांक 24 दिसंबर मंगलवार को होगा। उपखण्ड अधिकारी पुनीत कुमार गेलडा ने बताया कि प्रशासन गांवो के संग शिविर थीम पर आयोजित सुशासन सप्ताह दिनांक 18 दिसंबर से 24 दिसंबर के तहत ब्लॉक भूपालसागर में भी पंचायत समिति मुख्यालय पर दिनांक 24 दिसंबर मंगलवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा उक्त आयोजन में उपखण्ड स्तरीय समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर दौरान आमजन की समस्याओ की परिवेदनाओ को सुनकर तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाएगा ताकि आमजन को राज्य सरकार की मंशानुरूप त्वरित राहत मिल सके।

### आकोला में आज 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**आकोला।** आकोला, कपासन, भूपालसागर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कुल 2 घंटे बिजली बंद रहेगी। 132 केवी जीएसएस का मेंटेनेंस किया जाएगा। स्थानीय 132 केवी जीएसएस के एईएन जगदीशचंद्र हेडा ने बताया कि शनिवार को 132 केवी जी. एस. एस. पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण 132 केवी जीएसएस ओर 132 केवी जीएसएस भूपालसागर से संबंधित 33 के. वी. ओ / जी फीडर आकोला- ताना, भूपालसागर, कपासन, सिंहपुर, हथियाना, उमंड ओर इनसे जुड़े सभी क्षेत्रों की बिजली सप्लाई शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कुल 2 घंटे बंद रहेगी।

### स्कूल में स्वेटर पाकर खुश हुए विद्यार्थी



**ऋषभदेव,(पुकार) ।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौराया ऋषभदेव में संस्था प्रधान दीपिका जैन के अथक प्रयास के परिणाम स्वरुप भामाशाह अनिल जैन प्रॉपर्टी एंड कंस्ट्रक्शन उदयपुर के द्वारा विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए भामाशाह द्वारा बच्चों को निरंतर विद्यालय आने एवं नियमित पढ़ाई हेतु प्रेरित किया गया । विद्यालय की अध्यापिका कपिला जैन द्वारा भामाशाह का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा भामाशाह अनिल जैन , प्रज्ञा जैन पुत्र हर्ष जैन एवं पुत्री हिनल जैन द्वारा विद्यालय में आगे भी छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया गया विद्यालय की अध्यापिका अंतिम वाला जैन द्वारा भामाशाह का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया ।

### विद्या भारती का पूर्व छात्र सम्मेलन कल

फतहनगर। विद्या भारती का पूर्व छात्र सम्मेलन रविवार को नगर के विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में होगा। सम्मेलन का शुभारंभ अपरान्ह 3.30बजे होगा। पंजीकरण एवं तिलक द्वारा स्वागत उपरान्त वंदना व द्वीप प्रज्ज्वलन होगा। इसके बाद विद्या भारती संस्थान राज.क्षेत्र के सह संगठन मंत्री गोविन्द कुमार का प्रबोधन होगा। पूर्व छात्र परिचय,पूर्व छात्रों द्वारा विचार एवं राष्ट्र गीत वंदेमातरम् गायन के साथ ही सायं 6 से 7 बजे के मध्य भोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम भी किया जाएगा।

### चुंडावत खेड़ी पहुंचा स्वच्छता जनचेतना यात्रा रथ



**फतहनगर (पुकार) ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चुंडावत खेड़ी में सीआरटी भारत सरकार द्वारा स्वच्छता जन चेतना रथ यात्रा का आयोजन संकल्प संपन्न हुआ। सीआरटी विशेषज्ञ डॉ.ललित नारायण आमेटा के अनुसार स्वच्छता संदेश 9 व्यक्तियों तक तक प्रचार प्रसार करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, ने की। ग्रामीणों को स्वच्छ भारत निर्माण का संकल्प शारीरिक शिक्षक राधाकृष्ण मेनारिया द्वारा 137 बालक-बालिकाओं को करवाया तथा इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्वच्छता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भेरूलाल जाट,तपेश कुमार, दलीचंद,ममता मीणा,ममता बरवड़,पूजा अहीर,रेणु गोदारा,विनोद कुंवर आदि उपस्थित थे।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म कपड़े वितरित किए



**फतहनगर (पुकार) ।** क्षेत्र के फलीचड़ा ग्राम पंचायत अधीनस्थ राजकीय प्राथमिक विद्यालय भोजलाई में अध्यनरत बालक बालिकाओं को शिक्षक नेता सुरेश कुमार देशबंधु द्वारा सर्दी से बचाव को लेकर गर्म कपड़े वितरित किए गए। देशबंधु ने बताया कि प्रधानाचार्य संजय बडाला के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रतिवर्ष पूरे पीईईओ क्षेत्र में निर्धन बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्रेमसिंह राजपूत, महेशचंद्र लूनिया, नारायण लाल शर्मा,गहरी लाल जाट,मांगी लाल पालीवाल, पर्वतलाल आदि विद्यालय स्टाफउपस्थित रहा।

### पार्श्वनाथ जन्म कल्याण महोत्सव 24 दिसंबर को मनाया जाएगा

**डूंगला (पुकार) ।** पार्श्वनाथ जन्म कल्याण महोत्सव डूंगला में संथारा विशेषज्ञ छोटे जैन दिवाकर धर्म मुनि महाराज साहब की सु शिष्या धर्म शेरनी प्रवचन प्रभाकर श्री धैर्य प्रभा जी आदि ठाणा चार के सानिध्य में मनाया जाएगा। जैन श्रावक संघ के मंत्री कनक मल दक ने बताया कि महासती धैर्य प्रभा जी मां.सा..आदि ठाणा चार का मंगल प्रवेश 17 दिसंबर को हुआ 18 तारीख से दिवाकर प्रवचन हाल में नित्य प्रवचन प्रातः 9 से 10 बजे तक चल रहे हैं महासती धैर्य प्रभा जी के सानिध्य में पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक तेले तप महोत्सव का आयोजन होगा! तेला तप महोत्सव 24 दिसंबर से प्रारंभ होगा जो 27 दिसंबर प्रातः 10 बजे पारणा महोत्सव के साथ संपन्न होगा। तेले तप महोत्सव के लाभार्थी कमलाबाई पत्नी स्व. ऐरी लाल जारोली परिवार होंगे इस अवसर पर डूंगला नगर में स्थित भगवान आदिनाथ जैन मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा एवं आंगी सजाई जाएगी। लाभार्थी परिवार के मांगीलाल जारोली (मांगू उस्ताद) ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में तेले तप का प्रत्याखान करें एवं धर्म लाभ लेवे।

# ग्रामीणों ने लगाया तिलस्वा मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर 60 करोड़ रुपए के गबन का आरोप

**बिजौलिया एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पदाधिकारियों के खिलाफकी मुकदमा दर्ज करने की मांग**



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** जिले के बिजौलिया ऊपरमाल क्षेत्र के प्रमुख तीर्थ तिलस्वां महादेव ग्राम के नागरिकों द्वारा देव स्थान विभाग के सहायक आयुक्त के नाम बिजौलिया एसडीएम अजीत सिंह राठौड़ को गुरुवार को ज्ञापन सौंप कर तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ गबन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने मंदिर ट्रस्ट पर अवैध रूप से स्थापित होने का आरोप लगाते हुए ट्रस्ट के संरक्षक इंजी. कन्हैयालाल धाकड़, अध्यक्ष रमेश अहीर, सचिव मांगीलाल धाकड़ और संपूर्ण ट्रस्ट कार्यकारिणी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि वर्ष 2004 में तत्कालीन ट्रस्ट अध्यक्ष देवीलाल लौहार के निधन के बाद से ही उक्त पदाधिकारी अवैध रूप से तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट में अपने आप को पदाधिकारी के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और संपत्तियों का उपयोग उपभोग कर रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक 2 वर्ष में ट्रस्ट के गठन और प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आय-व्यय का ब्यौरा भी पेश नहीं करने का आरोप लगाया गया। वर्तमान ट्रस्ट द्वारा किसी प्रकार के गठन की पूर्व सूचना भी देव स्थान विभाग को नहीं दी गई और नहीं आय-व्यय का ब्योरा ही दिया गया। पत्र में आरोप लगाया कि ट्रस्ट को दान पेटी,दुकानों व धर्मशाला का किराया व अन्य स्त्रोतों से करीब 3 करोड रुपए की सालाना आय होती हैं। ट्रस्ट 21 साल से अधिक समय से काबिज हैं। ट्रस्ट द्वारा लगभग 60 करोड रुपए का गबन किया जा चुका हैं और कई संपत्तियों को खुर्दबुर्द कर करोड़ों रुपए का अवैध लाभांश प्राप्त किया गया हैं। ज्ञापन में ट्रस्ट की ऑडिट करवाने के साथ ही निष्पक्ष जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। इस दौरान तिलस्वां ग्राम के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भामाशाह सामरिया ने जरूरतमंद बच्चो को रायला विद्यालय में वितरित की 68 ऊनी जर्सीयां



**भीलवाड़ा।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायला में संचालित करुणा क्लब के विशेष आग्रह पर कक्षा 1 से 5 के बालको को कड़कड़ाती ठंड व गलन भरी सर्दी से बचाने के लिए भामाशाह प्रेमलाल सामरिया के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य मनीषा यादव की अध्यक्षता एवं व्यवसायी सौरभ सामरिया के विशिष्ट आतिथ्य में निःशुल्क ऊनी जर्सी वितरण कार्यक्रम रखा गया। उप प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी के अनुसार भामाशाह प्रेमलाल सांवरिया के सौजन्य से कक्षा 1 से 5 तक के कुल 68 जरूरतमंद बालक बालिकाओं को अतिथियों द्वारा ऊनी जर्सीयां वितरित की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता नंदराम शर्मा ने किया। जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजन में व्यावसायिक शिक्षक अवधेश टेलर, पंचायत शिक्षक इंद्रजीत डीडवानिया, अध्यापिका लाली पोसवाल का विशेष सहयोग रहा।

## मुमुक्षु बहिन का वरघोड़ा आज निकाला जाएगा

**डूंगला ।** संसार के मोह माया को त्याग कर जैन सन्यास जीवन अंगीकार करने वाली बहिन कोमल का वरघोड़ा जैन श्रावक संघ डूंगला द्वारा रविवार को बड़े धूमधाम से निकाला जाएगा जैन श्रावक संघ के मंत्री कनक मल दक ने बताया कि वरघोडा रविवार को प्रातः 8 बजे जैन स्थानक से रवाना होगा जो गांव के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ पुनः जैन स्थानक पहुंचेगा जिसमे गांव के सभी धर्म प्रेमी बंधु एवं बालक एवं बालिकाएं भाग लेगी। मुमुक्षु बहिन कोमल की दीक्षा 2 मार्च 2025 को ब्यावर शहर में संथारा विशेषज्ञ छोटे जैन दिवाकर गुरुदेव धर्म मुनि जी महाराज साहब के श्री मुख से होगी। मुमुक्षु बहिन कोमल महासती प्रवचन प्रभाकर धैर्य प्रभा जी की शिष्या होगी।

## स्वेटर व अल्पाहार वितरण किया



**आमेट (पुकार) ।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार आमेट महिला मंडल द्वारा समृद्ध राष्ट्रीय योजना के तहत 2 वर्ष के लिए गोद ली गई स्कूल गांगागुडा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ठंड से बचाव के लिए। श्रीमती मनीषा ललित छाजेड एवं रेणु सुदीप छाजेड की ओर से बच्चों को स्वेटर व अल्पाहार की सामग्री दी गई।महिला मंडल अध्यक्ष संगीता पामेचा ने सभी को रोज स्कूल आने की प्रेरणा दी। मनीषा छाजेड ने बच्चो को कहानी के माध्यम से स्वच्छ रहने की प्रेरणा दी। रेणु छाजेड ने बच्चों को योग और प्राणायाम कराए। प्रधानाध्यापक सुरभि अछेरा ने समय-समय पर विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री व अल्पाहार दे रहे हैं। में संस्था के सभी पदाधिकारी आभार व्यक्त किया। महिला मंडल समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर काम करते रहेंगे। कार्य म में महिला मंडल अध्यक्ष संगीता पामेचा,मनीषा छाजेड़ निर्मला मेहता,निर्मला कोठारी,मंजू हिरण,संगीता चंडालिया, रेणु छाजेड़, सुमिता चोरडिया,अनीता छाजेड़ ,सायर देवी पामेचा,लीला चोरडिया, चेतना डांगी, आदि बहीनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी जेटीऐन प्रतिनिधि पवन कच्छारा ने दी।

# साधारण सभा की बैठक का हुआ आयोजन

**हेड क्वार्टर पर कर्मचारियों की अनुपस्थिति, सड़क एवं बिजली के मुद्दे छाए रहे**



**डुगला (पुकार) ।** पंचायत समिति डूगला की साधारण सभा की बैठक का आयोजन शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभा भवन पंचायत समिति में 11 बजे प्रधान बगदी बाई मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें उपखंड अधिकारी ईश्वर लाल खटीक टीडीआर गुणवंत लाल माली एवं विकास अधिकारी लक्ष्मण मीणा एवं नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी संजय वैष्णव सहित उपखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहें। बैठक में उपस्थित ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में संचालित लोक कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंचायत समिति सदस्य चुन्नीलाल खटीक ने अपनी समस्या को रखते हुए बताया कि अधिकारी हेड क्वार्टर पर उपलब्ध नहीं रहते हैं किसानों को अपने छोटे-मोटे कार्यों के लिए अधिकारियों को फोन लगाकर इधर-उधर भटकना पड़ता है। सड़कों के पेच वर्क के बारे में सार्वजनिक निर्माण विभाग को अवगत कराया। इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए उपखंड अधिकारी ने सभी विभाग के विभागा अध्यक्षो को हेड क्वार्टर पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए एवं सार्वजनिक विभाग को उच्च क्वालिटी का कार्य करने का निर्देश दिया। साधारण सभा में प्रधान बगदी बाई मीणा, उप प्रधान रणजीत सिंह पंचायत समिति सदस्य चुन्नीलाल खटीक सहित सभी ग्राम पंचायत के सरपंच तुलसीराम शर्मा अरनेड, जगदीश आंजना फलोदडा मनोहर जाट लोटीयाना, रोड़ीलाल खटीक चिकारड़ा, एवं सरपंच प्रतिनिधि गोपाल धाकड़ देलवास, नारायण लाल मोरवन आदि उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह के तहत जन समस्याओ का हुआ समाधान, चेहरे पर खिली मुस्कान

**सलूंबर (पुकार) ।** जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को सराडा पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं नागरिकों हेतु तत्काल सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की गई। किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई, तो किसी को अन्य योजना में मिली संजीवनी, किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा। कुछ ऐसा ही नजारा था पंचायत समिति सराडा में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांवों की अभियान में सुशासन सप्ताह के दूसरे दिन पंचायत समिति सराडा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सराड़ा मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह प्रशासन गांवों की ओर 2024 अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा किया गया और ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई एवं समस्त प्रकरणों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर ऑनलाइन करवाकर निस्तारण किया गया। शिविर में समस्त विभागों की कुल 115 प्रकरणों का निस्तारण करके ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। सुशासन कैम्प मे लोगो की समस्याओं का हाथों हाथ त्वरीत निस्तारण किया गया जिससे लोगो के चेहरे खुशी से खिल उठे। कैम्प में लाभार्थियों का भारी उत्साह नजर आया। शिविर में बसंती देवी मीणा प्रधान, सराडा तहसीलदार आस्था रानी बामणिया,उप निदेशक डीओआईटी जीवन राम मीणा, केदारनारायण चौधरी विकास अधिकारी सराडा, रमेश ननोमा उप तहसीलदार सराडा, नाथूलाल बुनकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सराडा,प्रकाश चन्द्र भट्ट ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सराडा, कैलाश चन्द्र मेघवाल अतिरिक्त विकास अधिकारी सराड़ा सहित समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, महिला-बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग और पंचायत समिति के कार्मिकों ने उपस्थित रहे।

**आज यहां आयोजित किए जाएंगे शिविर !**

जिले में भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को सेमारी पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सफलता की कहानी, पेंशन का लाभ पाकर धुली देवी की लौट आई चेहरे पर मुस्कान



**सलूंबर (पुकार) ।** प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों में प्रशासन गांवों की ओर शिविरों का आयोजन कर प्रदेशवासियों के लिए सुकूनदायी पहल सिद्ध हो रहे है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में शिकायतों के निवारण और सेवा प्रदायगी को ओर बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिये वरदान साबित हो रहें है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सलूंबर जिले में प्रशासन गांवों की ओर शिविरों का लाभ अधिक से अधिक ग्रामवासियों को मिले तथा आम जन समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर विकास के आयामों से लाभान्वित हो सके। आम ग्रामीणों के लिए ये शिविर विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी पाने के साथ ही समस्याओं से मुक्ति दिलाने की दिशा में सार्थक सिद्ध हो रहे हैं। सराडा पंचायत समिति में आयोजित प्रशासन गांवों की ओर ब्लॉक स्तरीय शिविर में ग्राम पंचायत ढेलाई के ग्राम बनाल निवासी श्रीमती धुली देवी/ स्व. शंकर मीणा ने परिवाद दर्ज करवाया कि उन्हें व उनके परिवार को 2 साल से विधवा पेशन रुकी हुई है व अन्य योजनाओ का लाभ नही मिल रहा था तो इस शिविर में आकार उसने अपनी परेशानी बताई । जिस पर उसके आवेदन की जांच कर मौके पर ही रुकी हुई विधवा पेंशन को हाथों हाथ चालू करवाया गया और अन्य सभी लाभ दिलवाया गया साथ ही रुकी हुई विधवा पेंशन का लाभ पाकर धुली देवी की खुशी से आखें नम हो उठी ओर बोली की इस शिविर ने तो मेरी जिन्दगी के सफर को आसान कर दिया मेरे लिये यह शिविर किसी वरदान से कम नही है। शिविर में सराडा तहसीलदार आस्था रानी बामणिया, बीडीओ केदार नारायण चौधरी ने आधार, जनाधार, पीपीओ नंबर की जांच कर नाम जोडने के लिये आवेदन करवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनर भवन में भामाशाहों का हुआ सम्मान

डूंगरपुर(पुकार)। राजस्थान पेंशनर समाज डूंगरपुर के तत्वावधान में नगर व पंचायत समिति क्षेत्र के पेंशनरों का एक सम्मान समारोह बंशीलाल कटारा, मनोज शर्मा, सहायक लेखा अधिकारी रोशन मीणा तथा संरक्षक नानूराम माली के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसमे पेंशनर समाज के 17 भामाशाओं जिन्होंने अपना अंशदान दिया था। उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर परिषद के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हाजी अब्दुल वहीद तथा भारतेन्द्र चौबीसा सहित भामाशाओं का उर्पणा व प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया था। इस दौरान प्रारंभ में अध्यक्ष विनय शर्मा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष जगदीश वैष्णव ने किया। जब कि आभार सचिव त्रिलोक चौबीसा ने ज्ञापित किया।



डूंगरपुर। भामाशाह हाजी अब्दुल वहीद का सम्मान करते हुए अतिथि- फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

### गोल विद्यालय में स्वेटर वितरण

आसपुर(पुकार)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोल में प्रधानाचार्य वीरभद्र सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में रामा निवासी भामाशाह अमरसिंह चौहान द्वारा 61 निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए । विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह चौहान का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ।इस मौके पर उप प्रधानाचार्य प्रफुल्ल चौहान ए नरेन्द्र सिंह चुंडावत ए जैनेंद्र तारावत ए प्रवीण चन्द्र पंड्या ए कपिल सलारिया आदि उपस्थित रहे। संचालन रजनीकांत मेहता ने किया।

### तीन दिवसीय पौष दशमी महोत्सव 24 से, होंगे विविध कार्यक्रम

डूंगरपुर(पुकार)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड़ संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय पौष दशमी 24 दिसम्बर से घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम के साथ सम्पादित कराये जायेंगे।

श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड़ संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि 24 दिसम्बर से 'प्रभु श्री पार्श्वनाथ' के जन्म कल्याणक निमित्त त्रिदिवसीय उत्सव का प्रारंभ होगा। श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में अखंड दीपक स्थापना हेतु प्रातः 8 बजे फौजका बड़ला से प्रस्थान करेंगे। जिसमे लाभार्थी मेहता फुलवंती बेन-सूरजमल परिवार रहेंगे। इसी क्रम में 25 दिसम्बर को प्रातः7.30 बजे से श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में प्रक्षाल, केसर एवं फूल पूजा,आरती एवं मंगल दीपक के कार्यक्रम सज्जन देवी चिमनलाल मेहता परिवार होगे। इसके पश्चात 26 दिसम्बर को भगवान का वरघोड़ा प्रातः 9 बजे घांटी मंदिर से निकल कर पुराना अस्पताल तिराहे होते हुए वापस लौटेगा, यहां 'भगवान को पोखने का चढ़ावा बोल कर लाभ दिया जाएगा।' तत्पश्चात स्नात्र पूजा पढ़ाई जाएगी 'स्नात्र पूजा, शांति कलश एवं आरती मंगल दीपक होगा तथा घांटी मंदिर के नोहरे में दोपहर स्वामिवात्सल्य का आयोजन लाभार्थी परिवार राजकुमार रविकुमार मांगीलाल मेहता परिवार द्वारा किया जाएगा।

### बालिकाओं को नि :शुल्क साइकिलें वितरित

डूंगरपुर(पुकार)। राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शुक्रवार को शहर के राजकीय देवेंद्र बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमी की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम एसडीएमसी संरक्षक नानूराम माली, पार्षद सूर्यसिंह राठौड़, भानुकुमार सेवक, समाजसेवी नरेंद्र आर्य व शौकत अली के आतिथ्य में हुआ। प्रधानाचार्या शिल्पा मीणा ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य डिम्पल कोठारीए प्रभारी जयराज अहाड़ाए प्रेमलता व्यासए सिंपल विहात, अनुराधा रोत,अंजना भगोरा, लता पंड्याए धनु मनात,जयंतीलाल खराड़ी, अनीता श्रीमाल,ध्वनित चौबीसा, राशेदा बानू, शबनम शेख आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल जोशी ने किया।

इसी तरह 'राउमावि आमली फला वागदरी' में भी कक्षा नवमी की 40 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम पीईईओ वागदरी गजेश जोशी, प्रधानाचार्य सुनील हड़ात, सरपंच टोमर देवी, समाजसेवी कांतिलाल डामोर, उप प्रधानाचार्य नंदकिशोर गर्ग, वार्ड पंच प्रकाश डामोर व देवराम महाराज के आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर प्रभारी पप्पू कुमार परमार, जितेंद्र मनात, सरस्वती रोत, लालशंकर पटेल, सत्येंद्र पंड्या, रविशंकर बामणा, नारायणलाल खराड़ी, शीला पंड्या, हस्तबहादुर सिंह चौहान, जीवराज मनात, रमनलाल साद, सुभाषचंद्र श्रीमाली, गीता हड़ात, ललिता शर्मा, अमन सुथार व सुखलाल मीणा मौजूद रहे।

### पन्नाधाय बाल गोपाल दूध योजना का निरीक्षण

डूंगरपुर (पुकार)। शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर पांच राजपुर में शुक्रवार को कार्यवाहक सीबीईओ डूंगरपुर विमल साद द्वारा पन्नाधाय बाल गोपाल दूध योजना का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपस्थित 169 छात्र-छात्राओं के साथ कुक कम हेल्पर द्वारा बालकों के लिए बनाए गए दूध को चखा व आवश्यक संबलन प्रदान किया। इस मौके पर संस्था प्रधान नरेंद्र जैन व कार्मिक मौजूद रहे।

### प्रांजल जैन का एमएलएसयू वेस्ट जोन में दूसरी बार चयन



प्रांजल जैन।

डूंगरपुर(पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में डूंगरपुर आंतरी निवासी प्रांजल पुत्री ओम प्रकाश जैन का मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एमएलएसयू की महिला क्रिकेट टीम लगातार दूसरे वर्ष चयन में हुआ है बेटी के चयन से परिवार खुश है।

### तेरी मंद मंद मुस्कनियां.....

डूंगरपुर(पुकार)। सनातन धर्म समिति द्वारा श्रीमद् भागवत के पांचवे दिन श्री राधे वृंदावन ने कृष्ण लीलाओं और गोवर्धन पूजा पर विस्तार से वृत्तांत प्रस्तुत कर कहां कि कृष्ण ने बाल्यकाल से किशोरावस्था तक कई लिए रची



डूंगरपुर। भागवत कथा के दौरान व्याख्यान देती कथावाचक एवं आरती उतारतें श्रद्धालु। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

उन लीलाओं से हमे संस्कार और धर्म का बोध होता हैं। कृष्ण और गोपियों के प्रेम, माता यशोदा और काना की ममता, बाल्यकाल की शरारतों से प्रेम, वात्सल्य, ममता और दृढ़ शक्ति का बोध होता है। श्री कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं के लिए श्रीकृष्ण के लड्डु गोपाल, लाला, काना, माखन चोर, गोपाल, नंदलाला, यशोदा लाल, मुरलीधर, श्याम, बंसीधर, गिरिराज धरण, गोवर्धननाथ, नटवर, श्री नाथ जी द्वारकादिश, मथुरा नंदन जैसे कई नाम हुए जिनका विशाल मतलब होता है। कृष्ण ने अपनी लीलाओ से दानवों, राक्षसों का वध कर उनका कल्याण किया। जिसमें हरि गुण गाए, हरि दौड़े चले आए भजन पर पंडाल भक्ति में गुंजाए मान हो गया। कथा के विश्राम में सनातन धर्म समिति की कार्यकारिणी ने पूर्व सभापति के के गुप्ता जी का पगड़ी, शाल, उर्पणा ओढाकर अभिनंदन किया। आज कथा में गोवर्धन पूजा में समिति द्वारा छप्पन भोग का आयोजन किया जिसमें सहयोग रमेश वरयानी और केतन शाह द्वारा दिया गया। कथा श्रवण में यजमान रमेश वरयानी, सुनीता वरियानी, नंदनी, जयेश मकात, नम्रता, उर्मिला, देवेन्द्र कलाल,,वर्षा कलाल, गिरीश पानेरी, चिराग व्यास, विजय जोशी, कपिल भट्ट, इन्दिरा राठौर,बृजेश शाह, चंद्रकांत पुरोहित, नयन सुथार, अरविंद चौबीसा, शांति पंचाल, कंकालता चौबीसा, कंचन शर्मा, लक्ष्मी सेवक, माया सुथार, अनीता सुथार, ममता भट्ट, अरविंद शर्मा, जय द्विवेदी, प्रेमलता सुथार, देवमणि सेवक, मदनलाल शर्मा, इंदरलाल चौबीसा, रेखा सुथार, डायालाल मोची, रमा शाह, उषा शाह, देवेंद्र भट्ट एवं सनातनियों ने कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

# उदयपुर-हिम्मतनगर इलेक्ट्रिक रेल का परिक्षण पूर्ण

## हरी झंडी मिलनें के बाद वंदेभारत ट्रेन 120 गति की स्पीड से दौड सकेंगी

डूंगरपुर(पुकार)। उदयपुर-हिम्मतनगर रेलवे लाइन में इलेक्ट्रिक टेन का शुक्रवार को परिक्षण पूर्ण हो चुका है। रेलवे बॉर्ड की बैठक के बाद जिलें में भी वंदेभारत रेल का संचालन शुरू हो सकेगा। रेलवे के प्रिसिपल चीफ नॉर्थ वेस्टन रेलवे मनीष गुप्ता की टीम ने शुक्रवार को 110 की स्पीड से परख ट्रेन चलाकर निरीक्षण को पूर्ण किया। टीम की ओर से रात को उदयपुर से परख ट्रेन उदयपुर से चलते हुए हिम्मतनगर पहुंची। जहां से करीब 110 की स्पीड से रवाना होकर उदयपुर पहुंची। इसके बाद दोपहर को चीफ इंजीनियर की टीम ने बिछीवाडा से हिम्मतनगर तक का निरीक्षण का कार्य पूर्ण किया।



डूंगरपुर। परख का निरिक्षण करनें बाद सफल होने पर बैनर लगाकर खुशी जाहिर करते टीम सदस्य। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

गुरुवार को परख ट्रेन की निरीक्षण प्रक्रिया जयसमंद से शुरू हुई। जो केसरीयाजी, डूंगरपुर ओर बिछीवाडा तक पूर्ण हुआ। इसके बाद बिछीवाडा से हिम्मतनगर का मुख्य निरीक्षण पूर्ण किया गया। इस निरीक्षण में पूरे मार्ग तक कोई तकनीकी समस्या नही आई। वापसी में हिम्मतनगर से परख ट्रेन रात 10.24 मिनट पर रवाना हुई। जिसने अधिकतम 110 की स्पीड प्राप्त करते हुए देर रात 1.50 बजे उदयपुर पहुंची। इसके बाद शुक्रवार को सुबह अंतिम निरीक्षण बिछीवाडा से प्रारंभ किया। इससे पूर्व डूंगरपुर रेलवे टीम ने प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों और चीफ इंजीनियर का स्वागत किया। टीम ने निरीक्षण कर रेलवे मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेंगी। प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर मोहम्मद खालीद ने बताया कि इलेक्ट्रीक ट्रेन का निरीक्षण पूर्ण हो चुका है। अब जल्द ही जिलें में भी वंदेभारत सहित सभी ट्रेनों का संचालन हो सकता है। डूंगरपुर सहित उदयपुर संभाग अब दक्षिण भारत और उत्तरभारत से पूर्ण जुड चुका है। इसके अलावा मालगाडी ट्रेनों का भी संचालन अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा।

# आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

डूंगरपुर(पुकार)। जिला आंगनवाड़ी महिला कर्मचारी संघ, डूंगरपुर ने आंगनवाड़ी कर्मचारियों की जायज मांगो के निराकरण की मांग को लेकर अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कलक्टर को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौपते कार्मिक। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

संघ द्वारा सौपे गये ज्ञापन में बताया कि आंगनवाडी कर्मियों को टीएचआर पौषाहार भरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रो में नेटवर्क इश्यू की काफी समस्या है। ऐसे में अनुरोध है कि पूर्व की भांति ही टीएचआर रजिस्टर में अंकित करवाई जावे। सहित तीन अन्य समस्याओ के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष पार्वती भगोरा, संरक्षक लक्ष्मी जैन, प्रभारी मांगीलाल पंचाल, रमीला जैन, निर्मला बरण्डा,रमिला पाटीदार एवं तारा बरण्ड़ा आदि उपस्थित थे।

# जीवन में कोई समस्या होती नहीं है-आचार्य पुलक सागर

●90 प्रतिशत समस्या तो खुद लोग बना लेते हैं, खुश रहने का प्रयास करें

डूंगरपुर(पुकार)। ज्ञान गंगा महोत्सव के पांचवें दिन शुक्रवार को राष्ट्र संत पुलक सागर महाराज ने समस्या के बिना जीवन जीने की सीख दी। ज्ञान गंगा महोत्सव पांडाल में महाराज संघ के प्रवेश करते ही जयकारे गूंज उठे। महाराज का अभिषेक ओर पूजन किया गया।



ज्ञान गंगा महोत्सव के धर्म सभा को सम्बोधित करते आचार्य पुलक सागर तथा उपस्थित धर्म प्रेमी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

राष्ट्र संत ओर भारत गौरव आचार्य पुलक सागर महाराज ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई समस्या होती हो रहती है। किसी का भी जीवन समस्याओं के बिना नहीं रहता है। लेकिन 90 प्रतिशत समस्या ऐसी है जो समस्याएं के योग्य ही नहीं है, लेकिन बेवजह उसे अपना बोझ बना लेते है।

आचार्य ने किस्सा सुनाते हुए कहां कि एक व्यक्ति उनके पास आया बोला महाराज मेरी सबसे बड़ी समस्या है। मेरे पास मकान नहीं है। मेरी जिंदगी में 1 मकान तक नहीं बना सका। तब उसे कहा किराए का घर तो है फिर भी प्रॉब्लम। मुंबई में फुटपाथ पर जाकर देखना। जिनके पास 4 दीवार ओर छत नहीं है वे भी अपनी जिंदगी खूबसूरती से गुजारते है। तेरा तो अपना घर नहीं है। लेकिन किराए का तो है। फिर भी आदमी कहता है कम से कम खुद का मकान तो होना ही चाहिए महाराज। वो समस्या उसे बहुत बड़ी लगती है। इसके बाद स्मार्ट नहीं है हे भी समस्या है। इसलिए छोटी मोटी समस्या को नहीं रखे। इस समस्याओं से दूर रहे और खुशहाल जिंदगी को जीने का प्रयास करें। शुक्रवार को मंगलाचरण संगम महिला मण्डल द्वारा प्रस्तुत किया। पाद पक्षालनकर्ता पुण्यार्जक संगीता पद्म कुमार, रिचा-निशांत कुमार, मयुरी-स्वरूप, अन्वेषा रहे। महोत्सव के तहत शुक्रवार को मुख्य अतिथि के.के.गुप्ता स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत-सरकार, विशिष्ठ अतिथि चेम्बर के महामंत्री प्रभु पटेल, अनिल पटेल, नितिन चौबीसा, प्रकाश भट्ट, केशव भाई, नकुल, चन्द्र प्रकाश, आलोक शाह एवं नारायण पण्ड्या आदि उपस्थित रहे।

# एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर ठगी करने वाली गैंग का पर्दाफाश

- 08 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, 02 नाबालिग को किया डिटेन
- 18 मोबाईल, फर्जी सिम एवं एटीएम कार्ड सहित कार जब्त

डूंगरपुर(पुकार)। जिलेभर में साईबर ठगों के खिलाफनकल कसने के लिए चलाया गये ऑपरेशन एन्टीवायरस तहत क्षेत्र में साईबर अपराधो की रोकथाम व फर्जी एस्कोर्ट सर्विस के नाम पर ठगी के खुलासे करते हुए जिले की साईबर थाना पुलिस ने कुल 8 जानों को गिरफ्तार कर 2 नाबालिगों को डिटेन किया है।



डूंगरपुर। साईबर थाना पुलिस की गिरफ्त में ठगी करने वाले गैंग सदस्य। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

पुलिस अधीक्षक मोनिका सेंन के निर्देश पर थानाधिकारी साइबर गिरधारी सिंह के नेतृत्व में जिला साईबर सेल टीम एवं साइबर थाना की टीम ने मुखबीर से मिली सूचना पर कोतवाली के भंडारीया गोशाला के निकट कुछ व्यक्ति मोबाइल से ठगी का कार्य करने की सूचना पर पुलिस जाप्ता के मौके पर पहुंचा। मौके पर 10 व्यक्ति मोबाईल से बाते एवं चैटींग कर रहे थे। पुलिस को देखकर सभी मौके से भागने लगे जिस पर सभी को पुलिस द्वारा पीछा कर पकड़ा। पुलिस कार्यवाही के दौरान बडौदा आसपुर निवासी पंकज पिता ड्रॅगरजी पाटीदार, दिलीप पिता प्रेमजी पाटीदार, जसपुर बड़ौदा निवासी दर्शिलपुरी पिता शंम्भुपुरी गोस्वामी, रायना बड़ौदा निवासी मनीष पिता धुलजी पाटीदार, जसपुर साबला निवासी रोहीत पिता अमरजी पाटीदार, रमेश पिता डायालाल पाटीदार, रायना दोवड़ा निवासी नरेश पिता दलजी पाटीदार, तथा भरत पिता गौतम पाटीदार को गिरफ्तार कर 02 विधि के संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है।

मौके पर मौजुद कार की पुछताछ करनें पर आरोपीयों ने कार मालिक पंकज पाटीदार की होना बताया। सभी आरोपी गिरोहबद्ध तरीके से इलेक्ट्रॉनिक संसाधनो का उपयोग कर लोगो से फर्जी पहचान पत्रो से जारी बैंक खालो मे धन केडींट करा फर्जी एटीएम कार्डो से निकालकर निजी उपयोग में लेते थे। वही पुलिस से बचने के लिए फर्जी सिमो से फोन कॉल करते थे। आरोपियों के मोबाईल से विभिन्न साइटों पर फर्जी रजिस्ट्रेशन कर एस्कार्ट सर्विस के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी खातो में रुपये डलवाते थे जिनको बाद में आपस में बराबर बांट लेते थे।

# जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर भड़के सदस्य

- जिला परिषद की साधारण सभा में हंगामा
- मनरेगा में 32 अरब से ज्यादा की कार्ययोजना का अनुमोदन

डूंगरपुर(पुकार)। शुक्रवार को जिला प्रमुख सूर्या अहारी की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। जल जीवन मिशन के कार्यों में लेटलतीफी अधूरे कामों पर सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए। मनरेगा योजना में वर्ष 2025-26 की 32 अरब 56 करोड़ 52 से ज्यादा की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।



डूंगरपुर। जिला परिषद साधारण सभा की बैठक में अपना पक्ष रखतें सदस्य। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

लंबे समय बाद हो रही बैठक में सबसे पहले सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा, चौरासी विधायक अनिल कटारा और आसपुर विधायक उमेश मीणा का स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं, इसके बाद बैठक शुरू हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों का मुद्दा छाया रहा। सदस्यों ने मिशन के तहत अधूरे कार्यों पर जलदाय विभाग को खूब सुनाया और लापरवाही के आरोप लगाए। सदस्यों ने कहां कि जलदाय विभाग के ठेकेदारों ने पंचायतों में पाईप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोद डाला, लेकिन डेढ़ से 2 साल का समय बीतने के बाद भी ना तो योजना में काम पूरा हुआ है और न ही लोगों के घर तक नलों में पानी पहुंचा है। वहीं, सड़कें भी खुदी पड़ी है। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में काम अधूरा पड़ा है।

# तीन भाईयों के मकान सें लाखो के सोने-चांदी के आभुषणों पर हाथ साफ

- ●बिछीवाडा थाना क्षेत्र के लबाना बस्ती में चोरी की वारदात
- ●सीसीटीवी कैमरें भी तोड़ें, पुलिस चोरो की तलाश में जुटी



डूंगरपुर। लबाना बस्ती में चोरो द्वारा भाईयों के मकान में बिखरा सामान एवं टुटा हुआ दरवाजें का कुंदा। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

डूंगरपुर(पुकार)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र लबाना बस्ती में गुरूवार देर रात को तीन मकानों को चोरो ने निशाना साधते हुए लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। चोरो ने तीन भाइयों के मकानों को चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। पीडित भाइयों ने बिछीवाड़ा थाने में रिपोर्ट देकर मामला दर्ज करवाई है पुलिस चोरो के तलाश में जूट गई है।

जानकारी अनुसार बिछीवाड़ा के लबाना बस्ती में रहने वाले हरीश पुत्र नारायण लबाना रिपोर्ट देकर बताया उसके सहित कुल पांच भाई है। इसमें तीन भाइयों के घर को चोरो ने निशाना साधते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने नरसिंह लबानाए मोहनलाल लबाना, हरीश लबाना घर के ताले तोड़ कर अलमारी और बिस्तर पेटी लॉकर के ताले तोड़कर अंदर रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरो ने चौथे भाई पन्नालाल लबाना के घर में चोरी का प्रयास कर तोला तोड़ दिया। लेकिन दरवाजे कुंडी मूड जाने की वजह से दरवाजा खूल नहीं पाने से चोरी होने से बच गई है।

चोरों ने हरीश लबाना के घर से 16 लाख 20 हजार कीमत के 18 तोला सोना वहीं चोरों ने नरसिंह लबाना के घर से साढ़े तीन लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण हाथ साफ कर दिया। नरसिंह लबाना के घर से चोरों ने सवा दो लाख रुपए की कीमत की ढाई किलो चांदी और सवा लाख के डेढ़ तोला सोना चोरी कर लिया। तीसरे भाई मोहनलाल लबाना के घर चोरो ने 50 हजार नकद और करीब 45 हजार रुपए की आधा किलो चांदी चुरा कर ले गए। चोरों ने घर का सारा सामान बिखर के रख दिया। वहीं घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तोड़ दिए। सुबह घर में पहुंचने से चोरी की वारदात को बारे में पता चला। पीडित हरीश लबाना ने बताया कि उसकी बेटी की शादी होने से करीब 16 लाख 20 हजार का 18 तोला सोना खरीदा था जिसे चोर चुरा के ले गए।

# जैन प्रीमियर लीग-13 का फाईनल मुकाबला कल

●22 दिसंबर को डी हीरो बनाम,
●इंफिनिटी डी. बी. के बीच होंगी दावेदारी, आज होगा मास्टर मैच

डूंगरपुर(पुकार)। श्री जैन नवयुवक मण्डल डूंगरपुर के तत्वावधान में चल रही जेपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता संस्करण-13 के सांतवे दिन शुक्रवार को खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच में डीहीरो ने ए रॉयल्स व दूसरे सेमिफाइनल मैच मे इंफिनिटी डीबी ने एम लाइंस पर जीत दर्ज की। डी हीरो के रोमिल दावडा व इंफिनिटी डी बी के दीक्षांत जैन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया।

श्री जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राजेश डेंडू ने बताया कि श्री जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में जैन प्रीमियर लीग सीजन-13 की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का लक्ष्मण मैदान पर खेले जा रहे सातवे दिन में अतिथि दिग्पाल गाँधी, रवि सेठ को जेपीएल के खेल संयोजक व अनुशासन समिति के हेमंत बी जैन, सिद्धार्थ मेहता, अनिल दावड़ा, महामंत्री सुनील जैन, विवेक दोशी, सूर्या प्रकाश जैन व कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने सभी अतिथियों को उर्पणा ओड़ा के स्वागत किया। पहले सेमीफाइनल मैच में ए रॉयल्स ने बल्लेबाजी करते हुए मिलन जैन ने 37 व मनोज जैन ने 22 रन के योगदान से 126 रन लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए डी हीरो के रोमिल दावडा ने 56 रन व अर्पित डेंडू ने 38 रन योगदान से लक्ष्य प्राप्त किया।



डूंगरपुर। स्थानीय लक्ष्मण मैदान पर चल रही जेपीएल प्रतियोगिता के सेमीफाईनल में विजेता टीम को ट्रॉफी से नवाजते अतिथि। -फोटो : चन्द्रमौली चौबीसा

# भक्ति का मार्ग ही सब सुखों की खान.. सुभाष नगर में दिवसीय सत्संग समारोह

डूंगरपुर(पुकार)। सुभाष नगर होली चौक में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान डूंगरपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय सत्संग समारोह शुक्रवार रात्रि 7 से 9 बजे तक संपन्न हुआ। जिसमें सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या विदुषी चिन्मया भारती, विदुषी मनीषा भारती, विदुषी पूनम भारती ने कहां कि जिस स्थान पर ईश्वर की चर्चा होती है, जहां भजन होते हैं वहां भगवान का वास होता है।



डूंगरपुर। तीन दिवसीय सत्संग समारोह के समापन समारोह पर उपस्थित धर्म प्रेमी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि जिसके जीवन में भक्ति नहीं है उसे कभी सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती है भक्ति सब सुखों की खान है। जो व्यक्ति शास्त्रों को छोड़कर अपने मनमानी ढ़ंग से भक्ति करता है वह हमेशा दुःख को प्राप्त करता है। ईश्वर देखने का विषय है जिसे सतगुरु के माध्यम से अपने अंतर मन में देखा जा सकता है। आयोजन में विभिन्न भजन-उत्तर दक्षिण पूरब पश्चिम सब में राम समाये हैं, आए हैं तेरे दर पर शंभू, छोड़कर संसार जब तू जाएगा साथ नहीं कोई आएगा, शेरावाली मैया तेरे दर आए,भजनों पर श्रोता झूम उठे गुरु भाई पवन ने गिटार पर संगत दी तथा गुरु भाई ओमप्रकाश जेठवा ने तबले पर संगत दी अंत में यजमान परिवार सुनील चौबीसा परिवार द्वारा आरती प्रसाद के साथ समारोह सम्पादित हुआ।

# प्रशासन गांव की ओर शिविरों में ग्रामीणों को मिली राहत

## 24 दिसम्बर तक हर पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर

डूंगरपुर(पुकार)। सागवाड़ा तहसील के पादरा निवासी श्री भगवान पाटीदार, आसपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत काठड़ी निवासी श्रीमती वालू की महीनों से अटकी वृद्धावस्था पेंशन शुरू हुई। वहीं, आसपुर पंचायत समिति के खेड़ा आसपुर की रूकी मीणा को आवासीय मकान का पट्टा मिला। पशुओं का टीकाकरण हुआ, सड़क किनारे कंटीली झाड़ियां हटी तो राह सुगम हुई। लंबे समय से खराब हैंडपंप की हाथोंहाथ मरम्मत हुई। देर रात तक बिजली विभाग के अधिकारी ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग में जुटे नजर आए, तो कहीं राजस्व खाते में शुद्धी से संतुष्टी का भाव ग्रामीणों के चेहरों पर नजर आया।

डूंगरपुर जिले में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव के संग शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को भी आमजन को राहत मिली।

**विद्युत बिल में हुआ हाथोंहाथ सुधार-**

पंचायत समिति गलियाकोट की श्रीमती दशरथ कुंवर बीपीएल परिवार से है। उन्होंने शिविर में बताया कि विद्युत बिल 7646 रूपए का जारी हुआ है। यह विद्युत बिल भरने में असमर्थ है। बिल की जांच में पाया गया कि बिलिंग सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामी के कारण उपभोक्ता को गलत बिल जारी हो गया है। इस पर बिल में सुधार कर बिल शून्य राशि का प्रदान किया गया।

**हैंडपम्प की मरम्मत से मिली राहत-**

पंचायत समिति सीमलवाड़ा की ग्राम पंचायत बांसिया में टीएडी हॉस्टल के पास हैण्डपम्प पिछले 6 माह से बंद था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस वजह से पानी की समस्या है। इस पर पीएचईडी विभाग की ओर से हैंडपम्प की मरम्मत करवाई गई।

**कंटीली झाड़ियां हटी, राह हुई सुगम-**

तहसील चिखली में उदडिया पलसाउ से दारूधावडा ग्रामीण सड़क ग्राम की प्रमुख सड़क है। इस मार्ग के दोनां तरफ कंटीली झाड़ियां से यह मार्ग संकरा हो गया था। इससे ग्रामीणों, छात्रों, दुपहिया वाहन चालक तथा वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या के बारे में उपखण्ड अधिकारी को बताया। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया। इसके बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग ने तुरन्त झाड़ियों को हटवाया।

**पेंशन की मिटी टेंशन, कन्यादान योजना से दुगूनी हुई खुशियां-**

पंचायत समिति सीमलवाड़ा की ग्राम पंचायत गडा पट्टा पीठ निवासी गटू रोत का पीपीओ में पेंशन फार्म कैंसिल होने के कारण पेंशन मिलना बंद हो गई थी। उन्होंने पीपीओ को पुनः रि-ओपन करवाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस पर पीपीओ रि-ओपन कर पेंशन चालू कर दी गई। इसी प्रकार गलियाकोट के मोदरा गांव निवासी श्रीमती शिला ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आवेदन किया। शिविर में भुगतान स्वीकृति आदेश जारी किया गया।

# रेल्वे के अधिकारियों का बिछीवाड़ा के वाशिंदो ने किया अभिनदंन

डूंगरपुर(पुकार)। बिछीवाड़ा में रेलवे के एसएसपी स्टेशन से हिम्मतनगर की ओर निकट भविष्य में मुंबई से उदयपुर इलेक्ट्रिक लाईन का निरीक्षण उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिक इंजीनियर एम के गुप्ता की जयपुर से आई टीम ने किया। इस मौके पर बिछीवाड़ा उपखंड सर्व समाज के सदस्यों ने एवं बिछीवाड़ा ग्राम वासियों ने पूरी टेक्निकल टीम का स्वागत किया। गुप्ता को सभी ने मुंबई से शुरू होने वाली ट्रेन के लिए रेलवे मंत्रालय का धन्यवाद दिया।



डूंगरपुर। रेल्वे के अधिकारियों का बिछीवाड़ा क्षेत्र के वाशिंदे स्वागत करते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों ने जयपुर एवं कोटा से आने वाली रैलो को बिछीवाड़ा पे स्टॉपेज एवं निकट भविष्य में मुंबई से शुरू होने वाली ट्रेनें के स्टॉपेज के लिए गुप्ता को ज्ञापन सौंपा तथा बिछीवाड़ा उपखंड की पूरी जानकारी दी। इस पर गुप्ता ने कहा कि निकट भविष्य में बहुत से गाड़ियां शुरू होने वाली है जिस पर विचार किया जाएगा। प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिक इंजीनियर एम के गुप्ता, आरओ महेंद्र कुमार बेपल तथा अपर मंडल रेलवे प्रबंधक बलदेव जाखड़ आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आलोक विद्यालय के पूर्व छात्रों का महासंगम आज



**उदयपुर (पुकार)।** आलोक विद्यालय फतेहपुरा के पूर्व छात्र, छात्राओं का महासंगम कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 2 बजे ओकेजन गार्डन के नवनिर्मित भव्य बैंक्वेट हॉल में होगा। शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूम दिया गया। कार्यक्रम संयोजक के.के. कुमावत ने बताया कि महासंगम कार्यक्रम में यूएसए, सऊदी अरब ,कुवैत सहित देश के विभिन्न भागों मुंबई ,चेन्नई, कोलकता ,सूरत ,बड़ौदा, अहमदाबाद, सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में रह रहे पूर्व छात्र और छात्राएं सहित अध्यापक भी इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उदयपुर आ रहे हैं। कार्यक्रम सहसंयोजक जितेश कुमावत , विशेष सहयोगी हिमांशु चैधरी ने बताया कि कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कार्यक्रम में लगभग 800 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम संयोजक के के कुमावत ने बताया कि गुरुदेव नारायण लाल शर्मा के सुझाव पर आलोक पूर्व छात्र परिषद द्वारा 51000 रूपये की नगद राशि उदयपुर के छात्र देवराज मोची जिनकी पूर्व में हत्या हुई थी, उनके परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में उनके घर जाकर प्रदान की जाएगी।

### सन्त पॉल स्कूल ने मनाया वार्षिक खेलकूद दिवस



**उदयपुर (पुकार)।** सेन्ट पॉल सीनियर सैकण्डरी स्कूल ने अपना वार्षिक खेलकूद दिवस ओलंपिक परम्परा के अनुसार मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणधीर सिंह भीण्डर, पूर्व विधायक, सम्मानित अतिथि डॉ. लोकेश भारती, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं विशिष्ट अतिथि परम श्रद्धेय डॉ. देवप्रसाद गणावा अध्यक्ष सी.डी.ई.एस.यू. थे। खेल दिवस की शुरूआत मार्च पास्ट द्वारा की गई जिनमें वरिष्ठ छात्र, एनसीसी एयर विंग, नेवल विंग, स्काउट एवं नन्हे-मुन्ने छात्रों ने भाग लिया। स्कूल परेड का नेतृत्व स्कूल कमाण्डर युवराज बेन्जामिन तथा ध्वजवाहक नन्दिनी चौधरी ने किया।

स्कूल के विभिन्न हाउस के कैप्टन एवं खेल सचिव पुरंजय सिंह चौहान द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम शुभारम्भ की घोषणा की। इस आयोजन में नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी आयु वर्ग के छात्रों द्वारा कुल 29 फाइनल प्रतियोगिताएं एवं देशभक्ति गीतों के साथ छात्रों ने योगा, एरोबिक्स, भाँगड़ा, घूमर जैसे पारंपरिक नृत्य ने आगंतुकों का मन मोह लिया तो दूसरी ओर खेल के प्रति छात्रों का उत्साह अचंभित करने वाला था।

### जरुरतमंद बच्चों को स्वेटर, मिठाई वितरित



**उदयपुर (पुकार)।** श्रीमती सरला देवी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर सरला देवी के जन्मदिन पर शुक्रवार प्रातः पंचायत समिति गिर्वा के रा.उ.मा. वि. चौकड़िया के 400 बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म स्वेटर वितरित किये गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के मानद सचिव सीए डॉ श्याम एस सिंघवी ने कहा कि भविष्य में कोई भी आवश्यकता हुई ट्रस्ट को सूचित कीजिये गरीब बच्चों की पढ़ाई में कोई रूकावट नहीं आनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी एवं भाजपा आपदा राहत विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ.जिनेन्द्र शास्त्री ने कहा की बचपन में गुरुओं का आदर और अध्ययन में की गई कठिन मेहनत जीवन भर साथ निभाती है।

### उदयपुर चिल्ड्रन बिजनेस फेयर कल

**उदयपुर (पुकार)।** लेकसिटी में बच्चों के बीच करुणा, दया, और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उदयपुर चिल्ड्रन बिजनेस फेयर 2024 का आयोजन 22 दिसंबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 ओक, उदयपुर में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की आयोजक काश्वी मुर्डिया ने कहा की यह मेला न केवल बच्चों की उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि समाज में करुणा और दया के महत्व को भी उजागर करेगा। हमारा उद्देश्य बच्चों को उनके विचारों को साकार करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है।

### गुलशन का नेशनल कबड्डी कैम्प के लिए चयन



**उदयपुर (पुकार)।** सीकर में सम्पन्न हुई 50वीं राजस्थान राज्य जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उदयपुर के खिलाडी गुलशन भोई का राजस्थान कबड्डी संघ द्वारा आयोजित होने वाले नेशनल कबड्डी कैम्प के लिए चयन किया गया है। यह जानकारी जिला कबड्डी संघ , उदयपुर के आयोजन सचिव जालम चंद जैन ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड में अगले माह होगा।

### डांगी पटेल समाज की खेलकूद प्रतियोगिता कल से

**उदयपुर (पुकार)।** डांगी सेवा संस्थान खेल संघ के तत्वाधान मे डांगी पटेल समाज उदयपुर की 37वीं खेलकूद प्रतियोगिता मे क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर रविवार को किया जायेगा। निचला गिर्वा उदयपुर द्वारा आयोजित टूर्नामेंट मे डांगी समाज की 62 टीम भाग ले रही है, जिसकी टाई रॉयल खेड़ा स्टेडियम मे डाली गयी। जिसमे खेल संघ उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी,पूर्व, उपसरपंच कानपुर नारायण लाल डांगी, उपसरपंच मटून गणेश डांगी, एडवोकेट दिनेश पटेल, प्रकाश डांगी शोभागपुरा, निर्मल डांगी कानपुर, पूर्व उपसरपंच मदन डांगी, धर्मेंद्र डांगी नोखा, किशन डांगी, रमेश डांगी, लोकेश डांगी, मुकेश डांगी सहित सभी गांव के कप्तान एवं समाजजन उपस्थित थे।

### नाकोड़ा पार्श्व भैरवनाथ को कल धराया जायेगा प्रथम विशाल छप्पन भोग

**उदयपुर (पुकार)।** सुरेखा लोढ़ा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पार्श्व भैरव भक्त द्वारा आगामी 22 दिसम्बर को आचार्य चन्द्राननसागर सुरीश्वर महाराज आदि ठाणा एंव सध्वीश्री कल्पिताश्री म.सा. आदि ठाणा की प्रेरणा से श्री कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय, राणाकुई, वल्लभनगर में श्री नाकोडा पार्श्व भैरूनाथ के दरबार में प्रथम बार विशाल छप्पन भोग धराया जायेगा। ट्रस्ट के हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पार्श्व भैरव भक्तों के द्वारा श्री पार्श्वनाथ श्री भैरव के चरणों मे प्रथम बार अनेक तरह के व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वल्लभनगर जैन मंदिर से उदयपुर बस स्टेंड तक भव्य वरघोड़ा प्रातः10 बजे से निकाला जायेगा जिसके लाभार्थी श्रीमति कैलाशबेन-गोपाल जैन होंगे। तत्पश्चात 11.30 बजे भगवान को छप्पन भोग धराया जायेगा,जिसके लाभार्थीललिता-मनोहर तलेसरा होंगे। 12 बजे से 1.30 बजे तक भक्ति संध्या का आयोजन होगा, जिसके लाभार्थी हिण्डौन सिटी मूलतः उदयपुर निवसी किरण-दिनेश जैन होंगे। तत्पश्चात मोती कृष्ण गोधाम निज मन्दिर में नवकारसी एवं 2 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन होगा।

# शिल्पग्राम महोत्सव का आगाज आज, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

## सांसद सीपी जोशी, चुन्नीलाल गरासिया, डॉ. मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन और फूलसिंह मीणा होंगे विशिष्ट अतिथि, आज दोपहर 3 बजे बाद निःशुल्क प्रवेश

### महोत्सव में कलआएंगे केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन गजेंद्र सिंह शेखावत

**उदयपुर (पुकार)।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा विश्व प्रसिद्ध शिल्पग्राम महोत्सव का आगाज शनिवार 21 दिसंबर को होगा। मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे शनिवार की शाम को महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद 10 दिन यानी 30 दिसंबर तक 'लोक के रंग-लोक के संग' थीम पर यह उत्सव मेवाड़-प्रदेश-देश-विदेश के लोक कला एवं संस्कृति प्रेमियों के भरपूर मनोरंजन के साथ ही लोक संस्कृतियों के विषय में ज्ञानवर्द्धन भी करेगा। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद सीपी जोशी, चुन्नी लाल गरासिया और मन्नालाल रावत तथा विधायक ताराचंद जैन और फूलसिंह मीणा भी मौजूद रहेंगे।

गवर्नर हरिभाऊ किशनराव बागडे शनिवार शाम छह बजे शिल्पग्राम पहुंचेंगे। वे गोल्फ क्राफ्ट के माध्यम से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ मुक्ताकाशी मंच पर दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का उद्घाटन तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। इसके बाद वे समारोह को संबोधित करेंगे और लोक संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखेंगे। इससे पूर्व पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान अतिथियों का स्वागत करेंगे।

**गवर्नर प्रदान करेंगे डॉ. कोमल कोठारी लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार :** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे समारोह में डॉ. रूप सिंह शेखावत (भवाई लोक नृत्य) और गणपत सखाराम मसगे (कठपुतली एवं चित्रकला) को डॉ. कोमल कोठारी लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस पुरस्कार में प्रत्येक को एक रजत पट्टिका के साथ 2.51 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

शिल्पग्राम महोत्सव में शनिवार (21 दिसंबर) दोपहर 3 बजे बाद मेलार्थियों के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को शिल्पग्राम महोत्सव में आएंगे। वे दोपहर 2:30 बजे शिल्पग्राम आएंगे। वे शिल्पग्राम का दौरा करेंगे।

**आज की प्रस्तुतियां :** शनिवार शाम को मुक्ताकाशी मंत्र पर उद्घाटन समारोह में...रिदम ऑफ इंडिया-म्यूजिकल सिंफनी, कोरियोग्राफ-लोक नृत्य प्रस्तुति-फोक फ्यूजन, लोक नृत्य प्रस्तुतियां..., -मणिपुरी 'थौगोऊ जागोई' नृत्य, रौफ-कश्मीर डांस, चरी-राजस्थान, -राठवा-गुजरात,-तलवार रास-गुजरात - देखणी-गोवा आदि प्रस्तुतियां होंगी।

### लोक नृत्य तलवार रास शहादतों और रौफ देता है खुशहाली का संदेश

शिल्पग्राम महोत्सव में शनिवार को मुक्ताकाशी मंच पर कश्मीर का रौफ और गुजरात का तलवार रास लोक नृत्य अपनी खास पहचान ही नहीं रखते, बल्कि दर्शकों के दिलो दिमाग पर अपनी अलग ही छाप छोड़ते हैं।

इस लोक नृत्य में चाहे 'रास' यानी 'रस' जुड़ा हो, लेकिन इसके मायने 'वीर रस' से है। यह डांस अंग्रेजों के खिलाफ दिए गए क्रांतिकारियों के बलिदान की याद दिलाता है। बताते हैं पोरबंदर के पास बाडो पर्वत की तलहटी के वीर मानेक ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ क्रांति का बिगुल बजाया था। उन्होंने अपनी छोटी सी वीरों की टुकड़ी से अंग्रेजों से युद्ध किया और विजय प्राप्त की। इस युद्ध में उन्होंने तलवार और ढाल का इतने कौशल से प्रयोग किया कि अंग्रेजों को घुटने टेकने पड़े। यह युद्ध साल 1591 में भूचर मोरी में हुआ था। इस युद्ध में शहीद हुए राजपूत वीरों का कौशल प्रदर्शित करने के लिए तलवार-ढाल लेकर लोक नृत्य किया जाता है। यह तलवार रास नृत्य कहलाता है। इसमें 10 डांसर युद्ध कौशल का प्रदर्शन करते हैं। इन डांसर्स की वेशभूषा में केडिया (लहंगा), मेहर पगड़ी, खेस (कंधे पर दुपट्टा) और हाथ में तलवार और ढाल होते हैं।

**रौफ यानी बुमरो-बुमरो श्याम रंग बुमरो :** बॉलीवुड का हिट गाना बुमरो-बुमरो श्याम रंग बुमरो, हर कला प्रेमी देख-सुन चुका है। रौफ डांस को यह लोक गीत खूब लोकप्रिय बना रहा है। टीम लीडर गुलजार अहमद बट बताते हैं, 'कश्मीर का यह फोक डांस खुशी के मौकों पर पेश करने की परंपरा है यानी दिवाली, बैसाखी, ईद सहित तमाम खुशी के मौकों पर यह डांस पेश किया जाता है।' इसमें बुमरो का अर्थ है भंवरा है, यह श्याम रंग के भंवरे पर यह गीत है। गुलजार ने बताया कि यह डांस सिर्फ युवतियां करती हैं। वेशभूषा में कश्मीरी फहरन, ज्वेलरी, सलवार आदि पहनती हैं। इसमें खास वाद्ययंत्रों- रबाब, सारंगी, तुमबकनारी, नूट (मटना), हारमोनियम और संतूर का प्रयोग होता है।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े पहुंचे उदयपुर

### आज विविध आयोजनों में लेंगे भाग

**उदयपुर (पुकार)।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार शाम को उदयपुर पहुंचे। राज्यपाल शनिवार को जिले में विविध आयोजनों में भाग लेंगे। वहीं शाम को शिल्पग्राम उत्सव का शुभारंभ करेंगे। राज्यपाल बागड़े शुक्रवार देर शाम वायुयान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचे। वहां अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने उनकी अगवानी की। राज्यपाल को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति



प्रो सुनीता मिश्रा तथा महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीतकुमार कर्नाटक ने भी राज्यपाल महोदय का स्वागत किया। इसके पश्चात बागड़े सड़क मार्ग से सर्किट हाउस उदयपुर पहुंचे। वहां संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी ने माननीय राज्यपाल का स्वागत किया। बागड़े शनिवार सुबह 9 बजे सर्किट हाउस से रवाना होकर वल्लभनगर क्षेत्र के नवानिया पहुंचेंगे। वहां पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात सुबह 11 बजे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में भाग लेंगे। बागड़े शाम 6 बजे शिल्पग्राम पहुंच कर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के तत्वावधान में आयोजित शिल्पग्राम उत्सव का शुभारंभ करेंगे। राज्यपाल शाम 7.45 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर वायुयान से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शिल्पग्राम उत्सव में मिलेंगी डाक घर की सेवाएं

**उदयपुर (पुकार)।** शिल्पग्राम में 21 से 30 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिल्पग्राम उत्सव के दौरान डाक विभाग की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। मेले में डाक विभाग की स्टॉल पर नए आधार बनाने ( पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के निशुल्क आधार बनाए जाएंगे) एवं आधार में संशोधन का कार्य किया जाएगा। साथ ही डाक बुकिंग (स्पीड पोस्ट, पार्सल आदि) का कार्य किया जाएगा, जिससे ग्राहक मेले से खरीदे गए सामान को दूर दराज में रह रहे अपने परिवारजन को डाक से भेज सकेंगे। एईपीएस के माध्यम से निकासी की सुविधा आम जन को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त डाकघर की बचत एवं बीमा योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव 24 से

**उदयपुर (पुकार)।** हिरणमगरी सेक्टर चार स्थित श्री गोकुल गार्डन परिसर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव 24 दिसंबर से शुरू होगा। कथा आयोजक नगेंद्र शर्मा और कल्पना शर्मा ने बताया कि श्रीराम कृपा धाम हरिद्वार की यशस्वी कथा वाचिका साध्वी डॉक्टर विश्वेश्वरी देवी भागवत कथा महोत्सव के तहत व्यास पीठ से कथावाचन करेंगी। इस कार्यक्रम के तहत चौबीस दिसंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे सेक्टर चार स्थित मण्गलेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी जो कथा स्थल पर पहुँचेगी। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5बजे तक रहेगा।

## डॉ सुमन ने राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में साझा किए एमबी हॉस्पिटल के नवाचार



**उदयपुर (पुकार)।** एमबी अस्पताल उदयपुर में किए गए नवाचार एकेडमी ऑफ अस्पताल एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में चर्चा का विषय रहे। कांफ्रेन्स में भाग ले रहे एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन ने एमबी अस्पताल के इनोवेशंस विस्तार से साझा किए, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।

एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ सुमन ने बताया कि दिल्ली में आयोजित कांफ्रेन्स में एनएबीएच के तहत सुझाव/ शिकायत क्यूआर कोड, लैब रिपोर्ट के क्यूआर कोड नवाचार को साझा किया। सभागार में उपस्थित सभी ने इसकी सराहना करते हुए ऐसे छोटे-छोटे इनफॉरमेशन को पूरे भारत में लागू किए जाने की आवश्यकता जताई। कांफ्रेन्स में बतौर वक्ता शामिल हुए डॉ सुमन नेएलिवेट हेल्थ केयर है पेशेंट सेंट्रिक एप्रोच पर वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि राजकीय संस्थान को क्वालिटी से एवं बिहेवियर से ऊंचाई दी जा सकती। उन्होंने कहा कि इलाज, दवाई, जांच और इन्फ्रास्ट्रक्चर में उच्च गुणवत्ता के साथ ही मरीज से ठीक से व्यवहार करने पर परिणाम और संतुष्टि में बहुत सुधार किया जा सकता है। कांफ्रेन्स में उदयपुर से डॉ जमील मोहम्मद, डॉ मीनाक्षी, सीमा चौधरी, जगदीश अहीर, दीपक, राजेश एनएबीएच टीम से शामिल हुए। टीम विभिन्न सत्रों से देश के अन्य अस्पताल के अनुभव सीख कर उदयपुर की जनता के लिए उपयोग में लाएगी।

# पैडल-टू-जंगल के आठवें संस्करण का आगाज

### उदयपुर में रश ऑवर राईड को राजपालसिंह शेखावत ने दिखाई हरी झंडी

### प्रकृतिप्रेमी साइकिल पर सवार होकर निहारेंगे वागड़-मेवाड़ का प्राकृतिक व नैसर्गिक सौंदर्य



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन पीपल सोसाइटी, वन विभाग, पर्यटन विभाग एवं विश्व प्रकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वावधान में पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण का आगाज शुक्रवार को फतेहसागर की पाल से हुआ। इस दौरान देश के ख्यातनाम वन्यजीव विशेषज्ञ, राजस्थान वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य और एनटीसीए के पूर्व सदस्य राजपालसिंह शेखावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस रोमांचक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

अपने संबोधन में शेखावत ने वागड़-मेवाड़ को नैसर्गिक संपदा से समृद्ध बताया और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से इस समृद्ध विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने सभी साइकिल यात्रियों से चर्चा की और अपने अनुभवों को संकलित करने का आह्वान किया।

आरंभ में ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पैडल टू जंगल के तहत संभागियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया।

हरी झंडी दिखाने के बाद सभी साइकिल यात्री देवाली छोर से साइकिलों के माध्यम से रवाना हुए और फतेहसागर और शहर के प्रमुख स्थानों का राउंड लगाते हुए पुनः फतेहसागर पाल के ओवरफ्लों छोर पहुंचे। यहां पर अतिथियों ने अणुव्रत समिति की ओर से 50 इको फ्रेंडली कैरी बैग्स, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की तरफ से कैप्स व टीशर्ट तथा गुड्डी बैग्स का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह चौहान, रिटायर्ड सीसीएफ आईपीएस मथारू, डीएफओ मुकेश सैनी, प्रतापसिंह चूंडावत, ओपी शर्मा, सोहेल मजबूर, वीएस राणा, शरद श्रीवास्तव, इंद्रजीत माथुर, डॉ.ललित जोशी, अरूण सोनी, अणुव्रत समिति की अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा, उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन, मंत्री कुंदन भटेवरा, करण सिंह कटारिया, शशि मेहता, केएस नलवाया आदि मौजूद रहे।

ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि 22 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे साईकिल यात्रियों को मेवाड़-वागड़ क्षेत्र की अरावली की हसीन वादियों के साथ प्राकृतिक व रमणीय स्थलों पर रात्रि विश्राम कराया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन का सफर बांसवाड़ा जिले की घाटोल रेंज के देलवाड़ा फॉरेस्ट नाका से शुरू होगा जहां मुख्य अतिथि बांसवाड़ा के पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला एवं बांसवाड़ा के मुख्य वन संरक्षक अभिषेक शर्मा जंगल की इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। तीसरे दिन 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे माही डेम छोर पर स्थित चाचाकोटा में सेवानिवृत आईएएस विक्रम सिंह एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा प्रतिभागियों से चर्चा कर इस सफर को आगे के लिए रवाना करेंगे। कार्यक्रम का समापन समारोह व प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण बांसवाड़ा के श्यामपुरा फॉरेस्ट ब्लॉक में होगा। इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि आईजी श्रीमती एस परिमला, बांसवाड़ा जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव एवं सीसीएफ उदयपुर सुनील छेत्री होंगे वहीं पूर्व राजपरिवार सदस्य जगमाल सिंह भी मौजूद रहेंगे।

# सुविवि :भौतिक शास्त्र विभाग में भारत-कोरिया उन्नत तकनीकी सहयोग पर आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में गुरुवार को परमाण्विक आणविक प्रकाशिकी में प्रयुक्त उन्नत तकनीकी पर भारत- कोरिया के मध्य पारस्परिक विचार विमर्श भौतिक शास्त्र विभाग में आयोजित हुआ, जिसमें कोरिया के उन्नत तकनीकी एवं शिक्षण संस्थानों के विश्वविख्यात दस वैज्ञानिकों ने भाग लिया। उन्होंने कोरिया में चल रही विभिन्न नवीनतम शोध की अत्याधुनिक तकनीको के बारे में विस्तार से उल्लेख किया। गुआन्गजु विज्ञान एवं तकनीकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर के टी किम ने एटोसेकंड पल्स लेजर के तकनीकी पहलू पर व्याख्यान देते हुए परमाणु की अति तीव्र गतिकी के अध्ययन की अधुनातन तकनीकी का विस्तार पूर्वक उपयोग बताया। उन्होंने आने वाली सदी में इस उभरते हुए विषय से जुड़ने के लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया। इसी क्रम में कोरिया परमाणु ऊर्जा अनुसंधान संस्थान के प्रोफेसर जियांग ने इस संस्थान में



उपलब्ध विश्वस्तरीय शोध की प्रायोगिक तकनीको में भारतीय वैज्ञानिकों की सहभागिता बढ़ाने पर प्रकाश डाला तथा प्रोफेसर फाबियन, कायस्ट कोरिया ने प्रकाशिकी और फोटोनिक्स शोध की विभिन्न प्रकार की नवीनतम प्रौद्योगिकी के बारे में विस्तार से बताया। उल्लेखनीय है कि विभाग के समस्त प्राध्यापक, शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का सभी कोरियाई वैज्ञानिकों के साथ में सीधे संवाद सत्र का आयोजन हुआ, जिसमे सभी प्रतिभागियों ने सक्रियता से भाग लिया। विद्यार्थियों ने कोरिया में भारतीय छात्रों के लिए शोध के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुनिता मिश्रा ने आमंत्रित कोरियाई वैज्ञानिकों का स्वागत किया, उम्मीद जताई कि इस संगोष्ठी से भविष्य में विश्वविद्यालय की शोध परियोजनाओं में लाभ मिलेगा एवं आने वाले समय में भारत- कोरिया के बीच संयुक्त शोध कार्य को गति मिलेगी। प्रोफेसर के.बी. जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं इस आयोजन की भूमिका को रेखांकित किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुधीश कुमार ने इस गतिविधि के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आयोजन समिति सदस्य प्रोफेसर एम.एस. ढाका, डॉ घनश्याम पुरोहित, डॉ गुंजन अरोडा, डॉ दिनेश पाटीदार एवं डॉ लेखराज मीणा ने कोरियाई दल का विभाग में विभिन्न शोध प्रयोगशालाओं का दौरा करवाया तथा विभाग में चल रहे विभिन्न शोध कार्यों के बारे में अवगत कराया।



### शोध पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ

**उदयपुर (पुकार)।** विद्या भवन गो. से. शिक्षक महाविद्यालय में शिक्षा में गुणात्मक अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् प्रो. एम.पी. शर्मा ने कहा कि समस्याओं को दूर करने और समस्याएं नहीं है तो नयापन लाने के लिए अनुसंधान करना होता है। जो नवाचार करता है वही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे शोध और नया चिंतन स्कूलों अध्यापकों और अभिभावकों तक पहुंचना चाहिए। प्रो. शर्मा ने कहा कि अनुसंधान में गुणवत्ता तभी आएगी जब हम उस पर ईमानदारी से काम करेंगे। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् प्रो. दिव्य प्रभा नागर ने कहा कि हमारे शोध खानापूर्ति ना बनें इसका विशेष प्रयास करना चाहिए। शोधार्थी जब तक शोध की मानसिकता बनाकर नहीं जुड़ेगा तब तक शोध की सार्थकता नहीं होगी। हमारे शोध केवल उपाधि के लिए ना होकर शैक्षिक उन्नयन के उद्देश्य से किए जाए यह अधिक महत्वपूर्ण है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान ने बताया कि पहले दिन प्रथम सत्र में प्रो. पीसी जैन ने शोध में गुणात्मक अनुसंधान एवं विभिन्न विधियों पर अंतःक्रिया पर चर्चा करते हुए सामाजिक अनुसंधान को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया। दूसरे सत्र में प्रो. संजय लोढ़ा ने शोध में आंकड़ों और सूचनाओं को एकत्र करने के बारे में प्रश्नावली के माध्यम से चर्चा की। तीसरे सत्र में प्रो. एस.के. कटारिया ने केस अध्ययन विधि पर चर्चा की। प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान ने अतिथियों का स्वागत किया और इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यशाला समन्वयक डॉ. अख्तर बानो ने आधार पत्र पढ़ा। संचालन डॉ. संतोष उपाध्याय ने दिया। कार्यशाला में 70 शोधार्थी एम.एड. के विद्यार्थी एवं रिसर्च गाईड भाग ले रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.